हरिभूमि
रायपुर भूमि





## स्वयंसेवकों का शिक्षावर्ग प्रशिक्षण...

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राजधानी में शिक्षावर्ग प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह आरएसएस के स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान भाजपा के प्रमुख नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।


- विस्तृत समाचार देखें पेज 10 पर

ड्रोन फोटो- भूपेश जांगड़े, किशन लोखंडे

## खबर संक्षेप

### किराना दुकान में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में किराना दुकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी 25 हजार रुपए तथा 20 हजार रुपए



का सामान जब्त किया है। दिलेश्वर साहू की शिकायत पर सहदेव यादव, सन्नी साहू को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने दिलेश्वर की कचना स्थित किराना दुकान से शुक्रवार को कैश 60 हजार रुपए तथा 10 हजार रुपए का पान मसाला चोरी किया था।

### मकान खाली कराने के नाम पर मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने किराएदार के खिलाफ मकान खाली करने के नाम पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिशंकर जोगी ने अर्जुन उर्फ देव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हरिशंकर ने पुलिस को बताया कि अर्जुन उसके रिश्तेदार के मकान में किराए पर रहा था, जिसे मकान खाली करने के लिए कहने पर अर्जुन ने मारपीट की।

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

रायपुर। आमानाका थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को पकड़ लिया है। दुर्ग खुर्सीपार निवासी जगेश्वर पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि वह उसकी मां संतोषी पटेल तथा पिता तिलोचन कुमार के साथ बाइक से रविवार सुबह साढ़े 10 बजे मंदिर हसौद जा रहे थे। टाटीबंद चौक के पास ट्रक सीजी 04 जेडी 9819 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक में बैठी महिला गिर गई और ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक से गिरने की वजह से जगेश्वर के पिता को भी चोटें आई हैं। बाइक जगेश्वर का पिता चला रहा था।

### घूरकर देखने के विवाद में युवक से मारपीट

रायपुर। देवेंद्र नगर थाना में सोनू महानंद ने आकाश छुरा तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह चौक पर खड़ा था। इसी दौरान आकाश और उसका दूसरा साथी सोनू के पास पहुंचे तथा घूरकर देखने की बात को लेकर विवाद करने लगे। सोनू के घर जाने के बाद दोनों लड़के उसके घर पहुंच गए और उसे आवाज देकर घर से बाहर बुलाया तथा मारपीट की।

एक दिन पहले उरला में एक घंटे के भीतर तीन चाकूबाजी

# कौशिल्या विहार में मार्निंग वॉक पर निकले युवक से मोबाइल लूटने मारा चाकू, दो दिन में चार केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस की सख्ती के बावजूद शहर में चाकूबाजी की घटनाएं थम नहीं रहीं। रविवार को माता कौशिल्या विहार में एक और चाकूबाजी, लूट ने आम रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है। यहां तड़के पांच बजे मार्निंग वॉक पर निकले युवक के पेट में दो लुटेरों ने चाकू घोंप दिया और मोबाइल लूटकर भाग गए। दो दिन पहले ही उरला क्षेत्र में चाकूबाजी की तीन घटनाएं सामने आई थीं। इनमें एक मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। शनिवार को भी अलग-अलग क्षेत्रों में चाकूबाजी के तीन मामले सामने आए।

पुलिस के मुताबिक माता कौशिल्या विहार सेक्टर-1 में रहने वाले पेशे से किसान पंचराम डडसेना ने अपने बेटे तेज कुमार पर अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकू से प्राणघातक हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंचराम ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा सुबह 5 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकला था। प्राथमिक स्कूल के पास दो बदमाश तेज कुमार के पास पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर बदमाशों ने तेज कुमार के पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला किया और जेब में रखा मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तथा एंबुलेंस 108 की मदद से तेज कुमार को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323 तथा 394 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पुलिस की सख्ती के बावजूद राजधानी में थम नहीं रहीं घटनाएं




### अंतड़ी निकल गई, पर नहीं लिखी एफआईआर

यहां यह बताना लाजिम है कि दो दिन पहले उरला थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लिफ्ट लेने का इंतजार कर रहे एक ट्रक ड्राइवर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला किया। घटना में पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना दिनांक को ही बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने दो अन्य पर चाकू से जानलेवा हमला किया है। अन्य दो घटना में एक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि चाकू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका उरला स्थित एमटीडी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने उन दोनों मामलों में अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं की है।

### एक दिन में चाकूबाजी लूट के तीन मामले

सिविल लाइंस, डीडीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक ही दिन में तीन चाकूबाजी तथा लूट की घटना घटित हुई है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शंकर नगर में अपनी मां के साथ मोबाइल पर बात कर रहे हुलास साहू नामक युवक के साथ तीन बदमाश दिन दहाड़े मारपीट करते हुए 50 हजार रुपए की मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने भागने के दौरान दो बदमाश भाविक नायक तथा कुनाल हरपाल नाम के बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इसके साथ ही पुराने राजेंद्र नगर में लेन-देन के विवाद में एक युवक ने एक अन्य युवक पर चाकू से हमला किया है। डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में शराब पीने पैसा नहीं देने पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला किया है।

### इसलिए चाकूबाजी का ग्राफ कम

ज्यादातर चाकूबाजी की घटना में पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बजाय शिकायत दर्ज करती है। इसके साथ ही एफआईआर दर्ज करने की स्थिति में पुलिस चाकू की जगह नुकीली चीज से हमला लिखती है, इसके चलते चाकूबाजी की घटना में कमी दिखती है। वास्तविकता में चाकूबाजी के आंकड़े पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर से ज्यादा होती है।

# आयुष्मान में लिया ज्यादा पैसा, एक अस्पताल पर 11 लाख जुर्माना, दूसरा सस्पेंड

- मरीजों से ज्यादा पैसा लेने का आरोप, जांच के बाद दो अस्पतालों की शिकायत की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के मरीजों से इलाज के नाम पर अतिरिक्त राशि लेने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ स्टेट नोडल एजेंसी ने सख्त रुख अपनाया है। दुर्ग के निजी अस्पताल पर 11.41 लाख का जुर्माना ठोका गया है। साथ ही राजनांदगांव के एक निजी हास्पिटल को योजना से तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह की शिकायतों पर रायपुर सहित अन्य जिलों के 28 अस्पतालों को नोटिस थमाया गया है।

**28 को नोटिस भी**

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इस तरह की शिकायत

1. दुर्ग के आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में चार हितग्राहियों से क्रमशः 68 हजार, 40 हजार तथा 1.15 लाख रुपए अतिरिक्त राशि ली गई थी। जांच में इसकी पुष्टि होने पर अस्पताल पर पांच गुना अधिक राशि यानी 11.41 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। उसे इस तरह की शिकायत फिर नहीं मिलने की चेतावनी भी दी गई है।
2. राजनांदगांव के बसंतपुर स्थित जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के खिलाफ हीरालाल साहू की शिकायत ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नियमित समीक्षा के बाद कार्रवाई

राज्य एवं जिला स्तरीय निरीक्षण टीम के द्वारा नियमित रूप से योजना की समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में राज्य पंजीकृत अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। आयुष्मान योजना के द्वारा ईलाज हेतु भर्ती मरीजों से 104 आरोग्य सेवा के द्वारा फीडबैक भी ली जा रही है। जिसमें मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने, उपचार में कोई शिकायत , अस्पताल में साफ सफाई के साथ साथ चिकित्सक तथा स्टाफ़के व्यवहार संबंधी जानकारी भी ली जाती है।

- **डॉ. केआर सोनवानी,** उपसंचालक स्टेट नोडल एजेंसी पीएम आयुष्मान भारत योजना

# सीसीपीएल मैच में कैच पकड़ने वाले दर्शक को मिलेगा 10 हजार ईनाम स्टेडियम में भीड़ बढ़ाने एंट्री भी फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मैच देखने दर्शकों की दिलचस्पी केवल इंटरनेशनल मैच में रही है। रणजी मैच में भी टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों का मैच देखने कोई दर्शक स्टेडियम नहीं पहुंचता था।

- 7 जून से शुरू होगा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग, 6 टीमें होंगी शामिल

ऐसे में आईपीएल की तर्ज पर 7 जून से शुरू होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में दर्शकों की भीड़ नहीं पहुंची तो क्रिकेट संघ का यह लीग मैच केवल खिलाड़ियों तक ही सीमित रह जाएगा। इसलिए अब क्रिकेट संघ ने स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ बढ़ाने के लिए प्रवेश निशुल्क कर दिया है, साथ ही लीग के मैच में दर्शकों द्वारा कैच पकड़ने पर 10 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इस पुरस्कार के बाद स्टेडियम में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद अब बढ़ती नजर आ रही है। जनवरी में रणजी खेलने मुंबई, केरल की टीम के साथ अजिंक्य रहाणे, ▶▶ शेष पेज 11 पर

### लीग मैच देखने दर्शक स्टेडियम पहुंचें, इसलिए प्रवेश निशुल्क



### दर्शकों को स्टेडियम तक लाना बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग से दर्शकों को जोड़ना और उन्हें स्टेडियम तक लाना संघ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। क्रिकेट संघ के अनुसार यह राज्य की महंगी क्रिकेट प्रतियोगिता है, जो बीसीसीआई की नियमों और अनुमति से हो रही है, इसलिए सुरेश रैना जैसे स्टार खिलाड़ी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। मैच उद्घाटन में सुरेश रैना के पहुंचने की भी खबर है। मैच का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। लीग मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने संघ दर्शकों को स्टेडियम लाने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफलाइन भुगतान ज्यादा

# 80 फीसदी बिजली बिलों का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डिजिटल जमाने में अब धीरे-धीरे सबका भुगतान ऑनलाइन होता जा रहा है। लोगों को जब घर बैठे बिल जमा करने की सुविधा मिल रही है तो फिर क्योंकर कोई समय खराब करने के लिए लंबी लाइन लगाकर भुगतान करने जाए। यही वजह है कि अब प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी, जो हर माह 13 सौ करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल देती है, इनमें से अब 80 फीसदी का भुगतान ऑनलाइन होने लगा है। इसके पहले ऑनलाइन भुगतान काफी कम होता था, लेकिन कोरोनाकाल के बाद ऑनलाइन भुगतान की तरफ काफी तेजी से उपभोक्ताओं का रुझान बढ़ा है। गांवों में भी उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं, लेकिन वहां इनकी संख्या कम है, क्योंकि उनको एक तो इसका ज्ञान नहीं है, दूसरे ▶▶ शेष पेज 11 पर

### हजार करोड़ हर माह ऑनलाइन जमा

प्रदेश में बिजली के 65 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें से इस समय करीब 17 लाख उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं। हर माह ये आंकड़े कम-ज्यादा होते रहते हैं, लेकिन आंकड़ों में ज्यादा अंतर नहीं आता। ये उपभोक्ता हर माह हजार करोड़ तक का भुगतान ऑनलाइन कर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं में उद्योग, व्यापारिक संस्थान, घरेलू, गैरघरेलू उपभोक्ता शामिल हैं। ऑनलाइन बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं में ज्यादातर शहरी ▶▶ शेष पेज 11 पर

# गंगरेल का जलस्तर घटा, पर रायपुरवासी रहें बेफिक्र, शहर के लिए तीन टीएमसी पानी रिजर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस बार की भीषण गर्मी में गंगरेल डेम का जलस्तर भले ही पहले से कम हो गया हो, पर राजधानीवासियों के लिए राहत भरी खबर ये है कि शहरवासियों को पीने के पानी की कमी नही होगी, क्योंकि रायपुर शहर के हिस्से का पानी सिंचाई विभाग ने अलग से सुरक्षित रखा है। फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक गंगरेल बांध से इस समय शहर को रोजाना 250 क्यूसेक रॉ-वाटर की आपूर्ति हो रही है, जो शहर की 15 लाख आबादी की पेयजल ▶▶ शेष पेज 11 पर

- गंगरेल से शहर को रोज मिलता है 250 क्यूसेक पानी

### पर्याप्त है पानी

गंगरेल बांध का जलस्तर भले ही पहले की तुलना में घटा है, पर रायपुर शहर के रहवासियों को पीने के पानी की दिक्कत नहीं होगी। शहर के हिस्से का पानी रिजर्व वाटर के रूप में सुरक्षित रखा गया है, इसलिए फिक्र करने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में गंगरेल बांध से 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जो कि पर्याप्त है।


- **नरसिंग फरेंद्र,** कार्यपालन अभियंता जल, ननि रायपुर

### 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति

गंगरेल से वर्तमान में रायपुर शहर के लिए 250 क्यूसेक रॉ-वाटर की आपूर्ति की जा रही है। भाठागांव स्थित नगर निगम के फिल्टर प्लांट से जल शुद्धिकरण के बाद यह साफ पानी 10 जोन के 70 वार्डों में नगर निगम की 43 नई व पुरानी टंकियों के माध्यम से लोगों के घरों में नलों के जरिए पहुंचता है। गंगरेल बांध में 3 टीएमसी पानी शहर की पेयजल की जरूरत को ध्यान में रखकर सुरक्षित रखा गया है।

### सवारी बैठाने के विवाद में भिड़े ई-रिक्शा चालक

रायपुर। गोलबाजार थाने में सवारी बैठाने के विवाद में एक ई-रिक्शा चालक ने दूसरे ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, किशोर जगत ने सुदर्शन ठाकुर उर्फ जम्मू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह रेरा ऑफिस के पास वह अपने ई-रिक्शा में सवारी बैठा रहा था, इस दौरान सुदर्शन किशोर के पास पहुंचा और उससे अपने ई-रिक्शा के सवारी बैठाने की बात को लेकर विवाद करने लगा तथा लोहे की पाइप से उस पर हमला कर दिया।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# दस साल में दूसरी बार जमकर तपा नवतपा, 'लू' ने ली दर्जनभर जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवतपा इस बार अपने नाम के अनुरूप छत्तीसगढ़ में जमकर तपा। पहले और अंतिम दिन इसका असर मध्यम ही रहा, मगर सात दिनों में इसकी ग्रीष्मलहर से राज्य बुरी तरह झुलसा है। दस साल में दूसरी बार इस तरह की स्थिति बनी है और पहली बार इसके प्रभाव से दर्जनभर लोगों ने अपनी जान भी गंवाई।

- मई में करीब डेढ़ हजार हुए हीट स्ट्रोक के शिकार

राज्य में वर्ष 2015 के दौरान सबसे अधिक गर्मी पड़ी थी। इस वर्ष भी नवतपा के दौरान यानी महीने के अंतिम दिनों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाए थे और पारा सर्वाधिक स्तर पर पहुंचा था। ▶▶ शेष पेज 11 पर


### लू से मौत... प्रमाणित नहीं

मौत की वजह लू है, यह प्रमाणित नहीं हुआ है, इसके लिए पोस्मार्टम रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। तेज गर्मी की वजह से लोग हीट स्ट्रोक के शिकार जरूर हुए हैं।

- **डॉ. निधि अत्रीवाल**, नोडल अफसर, लू आपदा प्रबंधन

## खबर संक्षेप

### सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव 5 को मनाएंगे



**चंदखुरी।** कबीर कल्याण आश्रम भिलाई आरंग में सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस समारोह 626 वा महोत्सव जेष्ठ कृष्ण पक्ष 5 जून दिन बुधवार को समय10 बजे से 2.30तक मानवीय एकता के उद्घोषक स्वतंत्र विचारक एवं संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब की सत्य एवं अमर मानी आज भी प्रासंगिक एवं मार्गदर्शन कर रहे हैं की कभी भटको मत सभी प्राणियों के अंदर एवं भगवान विराजमान है जिसे लोग सदियों से खोजते आ रहे हैं उसी सत्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस जयंती महोत्सव में परम पूज्य संत श्री अवध साहेब जी कबीर आश्रम कोलियरी भखारा एवं अंचल के संत गुरु जन पधार रहे हैं महान संत श्री कबीर साहिब जी के 626वी जयंती मनाने जा रहे हैं जिनका आयोजन संत श्री विजेंद्र दास साहैब एवं साध्वी मीरा द्वारा यह समारोह किए जा रहे हैं।

### सरोरा मार्ग पर अज्ञात युवक की लाश मिली

**तिल्दा नेवरा।** थाना तिल्दानेवरा क्षेत्रांतर्गत बीती देर रात्रि एक अज्ञात पुरूष जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष आंकी जा रही है, जिसका शव बगदई शराब भट्ठी (सरोरा रोड)के पास चखना दुकान में मृत हालत में पड़ा मिला है। जिस पर नेवरा पुलिस द्वारा धारा 174 के तहत मर्ग कायमकर शिनाख्ती कार्यवाही में लिया गया है। उक्त व्यक्ति की पहचान कर, जानकारी मिलने पर थाना तिल्दानेवरा को सूचित करने की अपील भी की गई है। साथ ही मृतक के दाहिना हाथ में व सीने में सतीश लिखा हुआ है, साथ ही दाहिने हाथ में क्रास का निशान भी है, एवं बाया भुजा के पास ओम का निशान भी बना हुआ है।

### विकास बोले- एग्जिट पोल एक तरीके का भ्रामक प्रचार

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तमाम एक्जिट पोल को लेकर विकास उपाध्याय ने कहा, एग्जिट पोल एक तरीके का भ्रामक प्रचार है। हम एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करते। परिणाम को लेकर किसी भी एग्जिट पोल पर बात करना सही नहीं है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने संवाददाताओं से चर्चा में एग्जिट पोल को लेकर कहा, 10 साल से भाजपा सत्ता में है, लोगों का विश्वास उठ गया है। राहुल गांधी पदयात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचे। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मेहनत के साथ काम किया है। महंगाई-बेरोजगारी के साथ अन्य मुद्दों को लेकर जनता परेशान है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बीजेपी से ज्यादा सीटें कांग्रेस की आने का दावा करते हुए कहा, चुनाव से पहले 5 गारंटी को लेकर हम जनता के बीच गए। कांग्रेस पार्टी ने समस्याओं की लड़ाई लड़ी है।

# अतिथियों ने बांटे हरिभूमि उपहार योजना के पुरस्कार, पाकर पाठक गदगद

## लक्की ड्रा में पुरस्कार एवं अन्य सभी कूपनधारियों को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

हरिभूमि आरंग कार्यालय में रविवार को शाम 05 बजे एक सादे समारोह में हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में सतनामी समाज विकासखण्ड आरंग अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बेदराम खुंटे, युवा नेता खिलेश देवांगन, दुग्ध उत्पा. सह. समिति मर्या. आरंग सचिव संदीप

■ अन्य विजेता सुबह 12 से शाम 5 बजे तक हरिभूमि कार्यालय आरंग में आकर अपना इनाम प्राप्त कर सकते हैं




### ताजातरीन व सत्यता से परिपूर्ण समाचार पढ़ने को मिल रहा

इस अवसर पर अतिथि के रूप में पहुंचे बेदराम खुंटे ने कहा कि हरिभूमि के उपहार योजना से पाठकों को दोहरा लाभ मिल रहा है। पहला तो हर सुबह ताजातरीन व सत्यता से परिपूर्ण समाचार पढ़ने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर महंगे गिफ्ट उपहार के रूप में पाठकों को हर साल निःशुल्क मिल रही है। हरिभूमि की यह योजना काबिले तारीफ है। युवा नेता खिलेश देवांगन ने कहा कि अखबार के माध्यम से देश, विदेश, अंचल की घटनाओं की जानकारी हर सुबह घर पहुंचकर मिल जाती है। उसमें हरिभूमि अखबार अव्वल दर्जे की है जिसमें ताजा समाचार मिल जाती है। इसके अलावा हरिभूमि अखबार की उपहार योजना प्रशंसनीय है। जिसके माध्यम से हजारों पाठकों को पूरी तरह निःशुल्क महंगे गिफ्ट मिल जाते हैं। अखबार के साथ-साथ उपहार पाठकों को दिल खुश कर देने वाली योजना है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार पवन साहू ने सभी अतिथियों एवं पाठकों को उपहार योजना की जानकारी विस्तार से बताई तथा कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। पाठक पुरस्कार पाकर काफी खुश दिखाई दिए। वहीं पाठकों ने कहा कि हरिभूमि अखबार उनके जीवन का एक हिस्सा बन गया है, वे सुबह से ही इसमें प्रकाशित विशेष एवं सटीक खबर पढते है। अन्य पुरस्कार के विजेता सुबह 12 से शाम 05 बजे तक हरिभूमि कार्यालय आरंग में आकर अपना ईनाम प्राप्त कर सकते हैं।

यादव, हर्ष न्यू एजेंसी के संचालक पवन साहू व मनोज साहू, कमलेश जलक्षत्री, रितिक कंसारी उपस्थित थे। इसके अलावा हरिभूमि के अन्य पाठकों को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर पुरस्कार के रूप में दिए गए।

बता दें कि हरिभूमि समाचार पत्र समूह पिछले कई वर्षों से पाठकों के लिए उपहार योजना लेकर आ रही है, जिसमें कुपन के लक्की ड्रा में आकर्षक पुरस्कार एवं अन्य सभी कूपनधारियों को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर दिया जा रहा है। उपस्थित अतिथियों से इनाम पाकर सभी पाठक गदगद हो गए।

## प्रेरणा : पेड़ लगाकर गांव को हरा भरा करते मोर गांव मोर जिम्मेदारी के नागरिक

# मोर गांव मोर जिम्मेदारी की मेहनत रंग लाई 150 पौधे बने पेड़ और लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

समीपस्थ ग्राम पंचायत ताराशिव में आज से 5 साल पहले युवाओं की टीम ने पर्यावरण को स्वच्छ करने तथा गांव को हरा भरा बनाने के लिए एक सार्थक पहल किया गया था। युवाओं ने मोर गांव मोर जिम्मेदारी के तहत लगभग 150 से अधिक पौधे लगाए थे। इसके नियमित देख रेख और संरक्षण के कारण पौधे अब पेड़ बन चुके हैं। ग्राम ताराशिव की तालाब के किनारे तथा खाली पड़े जमीन पर /"मोर गांव मोर जिम्मेदारी/"के सदस्यों द्वारा गांव को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। आज वह सार्थक रूप मे नजर आ रहा है।/"मोर गांव मोर जिम्मेदारी /"के सदस्य तुला राम वर्मा वर्मा (शिक्षक) , रामाधार वर्मा (शिक्षक),कपिल नारायण शर्मा , मनीष वर्मा( सरपंच), रमेश तिवारी, सालिक राम वर्मा, विशेषर प्रसाद, मदन लाल वर्मा,विश्राम सिंह वर्मा, राजेश वर्मा, राकेश वर्मा, एजास वर्मा, जितेन्द्र वर्मा



(शिक्षक),सुशांत वर्मा, राज वर्मा,नंद कुमार साहू, मनीष कुमार ,कुलदीप वर्मा, किशोर सिरमौर ,लक्ष्मी नारायण वर्मा , केयूर भूषण वर्मा,केशांत वर्मा , सुनील धुरंधर, सनत वर्मा,हेमन्त वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, हिमांशु वर्मा,सहित गांव के ऊर्जावान नवयुवकों द्वारा खाली पड़े जमीन पर पौधे लगाए गए। मोर गांव मोर जिम्मेदारी के सदस्यों का यह सार्थक प्रयास आज आने वाले समय में हरियाली और छाया प्रदान करता रहेगा ।आज आवश्यकता है हमें पर्यावरण को बचाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करने का। मोर गांव मोर जिम्मेदारी द्वारा ट्री गार्ड खरीद कर पौधों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई और यही कारण है कि आज अधिकांश पौधे बड़ा होकर पेड़ का रूप ले चुके हैं । मोर गांव मोर जिम्मेदारी के सदस्यों द्वारा सरकार से मांग किया जाता है कि खुले बकरी पालन पर रोक लगाई जाए जिससे पौधो की चराई को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि मोर गांव मोर जिम्मेदारी समिति द्वारा पौधों को पानी देने के लिए व्यक्ति नियुक्त किया गया है। मोर गांव मोर जिम्मेदारी जिम्मेदारी द्वारा लिया गया यह सार्थक प्रयास आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करता रहेगा।

# धरसींवा में अवैध प्लाटिंग जोरों पर भू माफियाओं पर कार्रवाई की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

विधान सभा धरसींवा और नगर में अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण के गोरखधंधे में लिप्त भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई में स्थानीय तहसीलदार और जिला प्रशासन ढिलाई बरत रहा है। कृषि भूमि के टुकड़े कर जमीन बेची गई। उस जमीन पर बगैर नक्शा पास किए मकान भी तन गए। तब तक राजस्व प्रशासन की टीम आंख मूंदे बैठी हुई है। जब इस मामले को हरिभूमि ने लगातार उजागर किया गया तब जनप्रतिनिधि हरकत में आई। जांच शुरू हुई लेकिन जांच में जबर्दस्त लीपापोती की जा रही है। धरसींवा जनपद सदस्य और भाजपा नेता भूपेंद्र कसार ने जिला कलेक्टर और तहसीलदार को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग किये है। बता दे कि अब स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जनआंदोलन करने की बात कही है।

### रजिस्ट्री पर नामांतरण रोका जाए

धरसींवा जनपद पंचायत सदस्य और भाजपा नेता भूपेंद्र कसार ने जिला कलेक्टर के नाम पत्र में कहा है कि धरसींवा में भू माफियाओं पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। धरसीवां, चरीदा, तिवरैया में भूमाफिया की सक्रियता बढ़ गई है। यहां मापदण्डों के अनुरूप निर्माण नहीं किया जा रहा हा। पूर्व में की गयी रजिस्ट्री पर नामांतरण नहीं किया जावे। अवैध प्लाटिंग पर लगे भू माफियाओं पर ठोस कार्यवाही की जावे ताकि आने वाले समय में भविष्य में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगे।

### दो दिन बाद होगी कार्रवाई

धरसींवा क्षेत्र में जितने जितने भी भू माफियों के द्वारा अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है उन सभी को नोटिस दिया गया है दो दिन बाद सभी के ऊपर तबतोड़ कार्यवाही करेंगे।

जयेन्द्र सिंह, तहसीलदार धरसींवा

# प्रभु श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता जगत की अनूठी मिसाल : पं. राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

ग्राम कायाबांधा में जारी भागवत कथा का समापन बुधवार को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ हुआ। कथा व्यास प. राकेश तिवारी पलोद वाले कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

■ कायाबांधा की भागवत कथा के समापन पर सुदामा चरित का वर्णन

उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा



अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है।

द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। इस अवसर पर घसिया यादव, खैमराम यादव, सुशीला यादव, कांति यादव, सुखम बाई यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रोताओं ने भाग लेकर सुदामा चरित्र कथा का आनंद लिया।

# बिजली दरों में वृद्धि वापस लें, कांग्रेस ने चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



■ भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की हूलियतों से कुछ लेना देना नहीं

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत वियामक आयोग ने बिजली के दरो में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इसे लेकर के कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के महामंत्री प्यारेलाल साहू ने बिजली के दरों में वृद्धि पर विरोध जताते हुए कहा कि एक तो केंद्र की गलत नीतियों से पहले ही महंगाई से आम लोग त्रस्त है, अब ऊपर से छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के द्वारा बिजली की दरो पर बेतहाशा वृद्धि करने का मूर्खतापूर्ण निर्णय लिया है। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगी तो उनके उत्पादों का महंगा होना स्वाभाविक है। ऐसे में आम आदमी पर दोहरी मार पड़ेगी। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना देना नहीं है। जिला महामंत्री साहू ने कहा कि पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है।

# कांग्रेस ने दिया मतगणना एजेंटो को प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को आने वाले हैं। रायपुर स्थित सेजबहार में मतगणना होनी है, जिसकी तैयारी को लेकर कांग्रेस ने अपने मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षण दिया।

कांग्रेस भवन गांधी मैदान में प्रशिक्षण शिविर रखा गया। रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं के एजेंटों को प्रशिक्षण शिविर में ईवीएम मशीन की छोटी-छोटी तकनीकी चीजों को बारीकी से समझाया गया। प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन की जांच, कंट्रोल यूनिट नंबर का मिलान करने के साथ ही 17 सी का हर बूथ के चुनाव परिणाम के साथ मिलान करना एजेंटों को बताया गया। हर राउंड की गिनती के बाद उस राउंड का चुनाव परिणाम एआरओ के पास तुरंत जमा किया जाना होगा।

पोस्टल बैलेट की गिनती कराने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर दावा-आपत्ति भी करने की बात कही गई। पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, निगम सभापति प्रमोद दुबे, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रमोद तिवारी, महेंद्र छाबड़ा, कन्हैया अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सभी 9 विधानसभा के मतगणना एजेंट मौजूद रहे।

# मतगणना के दिन सीएम साय रहेंगे ठाकरे परिसर में मंत्री लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। प्रदेश के सभी मंत्रियों को एक-एक लोकसभा का जिम्मा दिया गया है। इनको मतगणना के लिए अपने जिम्मे वाली लोकसभा में जाना है। जहां तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सवाल है तो वे उस दिन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रहेंगे। यहां पर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह और प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। ठाकरे परिसर में ही किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम रहेगी, जो जरूरत पड़ने पर किसी भी लोकसभा के लिए सलाह देगी।

प्रदेश भाजपा संगठन ने हर लोकसभा के लिए अपने मतगणना एजेंट तय कर दिए हैं। सभी एजेंटों को बता भी दिया है कि उस दिन क्या-क्या करना है। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया है और बताया गया कि किस स्थिति में क्या करना है। पहले वहां पर स्थानीय नेताओं से सलाह लेनी है, वहां किसी की समझ में कुछ न आने की स्थिति में प्रदेश के नेताओं से संपर्क करके सलाह ले सकते हैं। ठाकरे परिसर में भाजपा नेता एक-एक सीट के परिणाम पर नजर रखेंगे। साथ ही हर लोकसभा में तैनात अपने पदाधिकारियों से भी लगातार संपर्क में रहेंगे और वहां की स्थिति की जानकारी लेते रहेंगे।

## दो डुप्लेक्स भवन में कम्युनिटी हाल बनाकर भूला आरडीए संचालन के लिए जिम्मेदारी तय नहीं होने से अटकी सुविधा

***रायपुर।*** *रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने हीरापुर और सरोना में अलग-अलग कैटेगरी में फ्लैट्स व एलआईजी-एमआईजी मकानों को बनवाने के बाद लोगों को पजेशन दिया है। कॉलोनी में लोगों को जरूरी सामान व आयोजनों के लिए डुप्लेक्स भवन में कम्युनिटी हाल भी बनवाया है। नीचे 10-10 दुकान बनवाने के बाद उनका संचालन जिम्मेदार करवा रहे, लेकिन ऊपरी माले पर लोगों की सुविधा के लिए बनवाए गए कम्युनिटी हाल की जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इससे कम्युनिटी हाल टूट-फूट का शिकार है। इससे लोगों को मिलने वाली सुविधा भी अटकी हुई है। राजधानी में आरडीए का मकान और फ्लैट लेने वाले लोगों को लंबे समय से अधूरी सुविधा मिल रही है। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि हीरापुर में कॉलोनी का निर्माण करवाने के बाद अधिकारियों ने प्रक्रिया के तहत 1600 लोगों को पजेशन दिया है। इसके बाद से कम्युनिटी हाल की सुध नहीं ले रहे हैं। इसका खामियाजा कॉलोनी के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। भवन की स्थिति जांचने पर पाया गया कि नीचे दुकानों का संचालन तो लोग कर रहे हैं, मगर ऊपरी माले पर बनवाए गए सर्व सुविधा युक्त भवन का उपयोग कॉलोनी के लोग नहीं कर पाते हैं।*

## भाजपा सांसदों के पास कोई पद भी नहीं रहेगा, बैज पीसीसी अध्यक्ष

# 5 जून से हार-जीत से परे पांच नेता हो जाएंगे पूर्व सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही छत्तीसगढ़ के पांच सांसद पूर्व की श्रेणी में आ जाएंगे। जीत-हार से परे ये नेता न सांसद रहेंगे, न विधायक। उनको इस बार चुनाव मैदान में उतारा ही नहीं गया था। इन नेताओं में चार भाजपा और एक कांग्रेस नेता शामिल हैं। इन नेताओं ने 2019 में लोकसभा का चुनाव जीता था, लेकिन 2024 के चुनाव में इन्हें टिकट नहीं मिला। ऐसे में इन नेताओं के पास फिलहाल कोई पद भी नहीं होगा। ये संभव है कि देर-सबेर इन नेताओं को कोई उपयुक्त स्थान मिले। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज इन नेताओं में शामिल हैं। उन्होंने 2019 में भाजपा-मोदी लहर के बीच भी बस्तर लोकसभा का चुनाव जीता और संसद पहुंचे थे, लेकिन इस बार उन्हें पार्टी ने प्रत्याशी











नहीं बनाया। श्री बैज ने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। यह एक वजह भी हो सकती है कि इस हार की वजह से उन्हें लोकसभा के टिकट से वंचित किया गया। अब श्री बैज पूर्व सांसद के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने रह सकते हैं, लेकिन कांग्रेस में इस बात की भी चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में संगठनात्मक बदलाव हो सकते हैं। अगर ये हुआ तो संभव है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी बदल दिया जाए। भाजपा की बात करें तो रायपुर लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव 3 लाख 40 हजार वोटों से जीतने वाले नेता सुनील सोनी भी 5 जून से पूर्व सांसद हो जाएंगे। पार्टी ने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया। श्री सोनी को लेकर एक चर्चा है कि रायपुर लोकसभा सीट पर बृजमोहन अग्रवाल के जीतने के बाद उनकी खाली हुई रायपुर दक्षिण की सीट से वे प्रत्याशी होंगे, लेकिन जब तक विधानसभा उपचुनाव की घोषणा नहीं होगी और उन्हें टिकट नहीं मिलता, तब तक वे केवल पूर्व सांसद ही बने रहेंगे।

### जांजगीर-कांकेर भी

*जांजगीर लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव जीतने वाले गुहाराम अजगले को 2024 में टिकट नहीं मिला। वे भी 5 जून से पूर्व सांसदों में शुमार हो जाएंगे। इसी क्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे मोहन मंडावी का भी नाम आता है। पिछला लोकसभा चुनाव जीतने वाले मोहन मंडावी को इस बार टिकट नहीं मिला है। उनकी स्थिति भी जल्द पूर्व सांसद के रूप में होना तय है।*

### साहू में हो जाएंगे पूर्व सांसद

*यही स्थिति 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने वाले भाजपा नेता चुन्नीलाल साहू की भी दिख रही है। उन्होंने पिछला लोकसभा चुनाव महासमुंद लोकसभा सीट से जीता था। पार्टी ने उन्हें इस सीट से दूसरी बार मौका नहीं दिया, लिहाजा वे भी पूर्व सांसद हो जाएंगे।*

# पीएससी के अभ्यर्थी ने पीएम को लिखा पत्र- सीबीआई ही जांचे 18 साल पुरानी गड़बड़ी



**रायपुर।** पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच कराने और मामले में दोषियों को घेरने में जितनी तत्परता 2023 में दिखाई गई, अगर इसी तरह की पारदर्शिता 2003 में हुई पीएससी की गड़बड़ी को उजागर करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने का साहस सरकार ने दिखाया होता तो मेरे जैसे कई युवाओं को 18 साल पहले ही न्याय मिल जाता। इस मामले को लेकर रायगढ़ से आए अभ्यर्थी हंसराम साहू ने मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में अपनी बात रखी। रायगढ़ के पुसौर निवासी हंसराम ने आगे बताया कि जब 2023 में पीएससी की गड़बड़ी उजागर हुई तो केंद्र सरकार ने मामले की जांच कराने में पूरी ताकत लगा दी। इसे देखते हुए 5 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मैने मांग की है कि छत्तीसगढ़ में इसी तरह की गड़बड़ी राज्य बनने के बाद आयोजित पीएसपी परीक्षा के दौरान भी हुई थी। उसकी जांच भी सीबीआई से कराने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा है।

## चकल्लस



### कांकेर या जांजगीर

यह एक्जिट पोल वाले भी न...गजब का सस्पेंस बना दिए हैं। मतलब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 11 में से एकाध ही सीट मिलने का अनुमान जताया है। वो भी इस टाइप कि ठीक है एकाध दे देते हैं। क्योंकि कुछ पोल वालों ने कांग्रेस के सफाया होने का ऐलान कर दिया है। अब पोल की पोल तो मंगलवार को ही खुलेगी, कितना सच्चा कितना झूठा। लेकिन उस एक सीट की खोज शुरू हो गई है जो कांग्रेसी जीत सकते हैं। मतलब कौनसी सीट है वो। भाजपाई भी खूब मंथन कर रहे हैं। किस इलाके से निपट रहे हैं? खबरी बता रहा था कि सबकी निगाहें आखिर कांकेर या जांजगीर पर टिक गई हैं। यही पर भाजपा को कड़ी टक्कर मिली है। बाकी तो खैर...मंगलवार का इंतजार कीजिए। एक ही दिन की बात है, क्योंकि कांग्रेस की उम्मीद एक नहीं पांच सीटों पर है।

### खत्म, टाटा, बाय-बाय...

रविवि के अधिकारी क्रमांक-2 की विदाई तय हो चुकी है। नोटशीट चल गई है। इसमें तीन नाम शामिल हैं, जिन्हें कार्यभार सौंपने की सिफारिश की गई है। इन तीन नामों में से किसी एक पर मुहर लगेगी। इनमें से एक नाम पुराने वाले अधिकारी का ही है। दो अन्य नामों में एक नाम महाविद्यालयीन प्रोफेसर का है तो एक चमत्कारिक नाम भी है। विदाई से पहले साहब लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। वैसे इन दिनों वे अत्यंत दुखी हैं। क्या है कि खाया-पीया कुछ नहीं, गिलास तोड़ा बारह आना वाला हिसाब साहब संग हो गया है। उन्होंने पद पर बने रहने माल-पानी की ठीक-ठाक व्यवस्था तो कर दी, लेकिन जब उनकी पारी आई तो सब खत्म, टाटा, बाय-बाय।

### एक बार लड़ ही लो...

टीवी शो में सास-बहुओं को देखा है आपने? एक-दूसरे के खिलाफ साजिश करते हुए? टीवी शो से बोर हो चुके हैं और कुछ लाइव देखने का मन हो रहा हो तो एनएसयूआई का ड्रामा देख लीजिए। क्या है कि एक ही मुद्दे को लेकर थोक में बारी-बारी प्रदर्शन करने पहुंच जा रहे हैं। जहां प्रदर्शन करने या ज्ञापन सौंपने जाते हैं, उन्हें भी समझ नहीं आता है कि आखिर चल क्या रहा है। मन ही मन बुदबुदाते रहते हैं कि इन नौटंकियों से तो बेहतर है कि एक बार लड़ ही लें। मारपीट या ठोका-ठाकी ही हो जाए और खत्म हो मामला।

### दस का बस ...

शहर में नई बस खरीदी को लेकर हल्ला है। कॉर्पोरेशन वाले साहब ने 10 ई-बस खरीदने टेंडर कर डाला। बस बनाने वाली कंपनी के लोग ये सोचकर टेंडर भरने आए कि कम से कम 100-50 बसें तो लगेंगी ही। पर यहां आकर पता चला बसें तो 10 ही लेंगे, वो भी कंडीशन के साथ। कंडीशन पूछने पर पता चला कि पूरे 10 साल बसें चलानी होंगी, मेंटेनेंस खर्च, बस चलाने का इंतजाम खुद करना है। यह सुनकर बस बनाने वाले चकराए और बोले 100 बसें खरीदनी होंगी, मेंटेनेंस 3 से 5 साल। बड़े साहब गहरी सांस लेते हुए बोले- दस ही लेंगे बस...।

### बधाई और शुभकामनाएं...

छत्तीसगढ़ भी उन राज्यों में शामिल है, जहां सरकारी कामकाज में घपले-घोटालों की परंपरा है। जाहिर है जब घोटाले होंगे तो जांच पड़ताल भी होगी। ऐसे ही एक मामले में जांच के लिए एक टीम बनाई गई है और जांच समिति का अध्यक्ष जिन्हें बनाया गया है, उनके लिए आदेश जारी हुआ है। मजे की बात ये है कि इस आदेश में कहा गया है, जांच समिति का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। अब जानकार लोग कयास लगा रहे हैं कि ये बधाई और शुभकामनाएं क्यों? माना जा रहा है कि जांच अच्छी तरह हो या उसमें भी कुछ गड़बड़ी हो, किसी न किसी तरफ से बधाईयां और शुभकामनाएं मिलनी तो तय हैं।

### किसने किया ये दावा...

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के पहले टीवी चैनलों ने एग्जिट पोल जारी किया तो उसमें कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का सफाया दिखाया जा रहा है। दूसरी और कांग्रेस ने खुद अपनी जीत की संभावनाएं बताते हुए कहा है कि उसकी 295 से अधिक सीटें आएंगी। खास बात ये है कि इसमें छत्तीसगढ़ की पांच सीटें भी शामिल हैं। कांग्रेसी सवाल उठा रहे हैं कि ऐसा कौन-सा नेता है, जिसने यहां पांच सीटें जीतने की रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को दी है। लोग इसे विधानसभा के 75 पार के नारे से भी जोड़कर देख रहे हैं।

### जीएमसी की खबर हो रही वायरल

जेएन मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में रहने वाले जूनियर डॉक्टरों के बीच भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में हुए प्रदर्शन की खबर वायरल हो रही है। इसके पीछे पीजी हॉस्टल में पानी की समस्या शांत होने के बाद अब खाने का मसला गरम है। पीजी डाक्टरों को शिकायत है कि यूजी छात्र मेस में आकर उनकी खाना हजम कर रहे हैं और उन्हें भूखे पेट ड्यूटी पर जाना पड़ता है। मेस संचालक की भूमिका असंतोषजनक है। इस मामले की ओर हॉस्टल प्रबंधन का कई बार ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, मगर अब तक हल नहीं निकला। चर्चा है कि भोपाल की खबर वायरल करने के पीछे का उद्देश्य खाने की समस्या को हल करने कुछ इसी तरह का प्रदर्शन करना है।

### एओ का जलवा

लेखा-जोखा रखने वाले विभाग में काम करने वाले एक एओ का जलवा अब आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। दरअसल एओ का सीधा कनेक्शन चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से है, इसलिए कोई उसका कुछ बिगाड़ नहीं पा रहा है। किसी मसले पर सीनियर डॉक्टरों से पत्र व्यवहार करने के बजाय सीधे अपने कार्यालय में तलब करना उक्त अधिकारी की आदत बन गई है। व्यवहार से दुखी चिकित्सक अपना रोना कई बार प्रबंधन के पास रो चुके हैं, मगर अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है।

### सीट पर रखा रूमाल

प्रदेश बनने का लाभ यहां पर अनेक नौकरशाहों ने उठाया। इनमें कई तो ऐसे थे, जो पदोन्नत होकर उच्च पदों तक भी पहुंचे। अब वे सेवानिवृत्ति के बाद चाह रहे हैं कि उन्हें संविदा मिल जाए। उन्होंने अपनी ही खाली सीट पर रूमाल रख दिया है। लोग कहते हैं, अपनी सीट बचाने की जुगाड़ में एक विभाग के नौकरशाह, जो निरीक्षक से अपनी सेवा शुरू कर एमडी तक पहुंचे, उसके पहले ही अपने राजनीतिक आकाओं के माध्यम से शासन में बने रहने का मौका ढूंढ रहे हैं। सरकार के पास अफसरों की कमी नहीं, लेकिन अपने लोगों को सहजने के लिए ऐसी नियुक्तियों के माध्यम से सेवा का भाव पैदा करते हैं। देखना है कि उनकी इच्छापूर्ति होती है या नहीं।

### शूटर साइलेंट

एक सप्ताह पूर्व दो कारोबारियों की हत्या करने आए शूटरों को पुलिस ने घटना को अंजाम देने के पहले गिरफ्तार कर खूब वाहवाही बटोरी। लग रहा था कि पुलिस आने वाले दिनों में एक बड़े गैंग के नेक्सस को तोड़ने में कामयाबी हासिल करेगी। पुलिस भी इस बात से बमबम थी कि लारेंस विश्नोई से जुड़े गैंग के बदमाशों को उन्होंने दबोच लिया। बदमाशों से पूछताछ करने पुलिस ने बड़ी उम्मीद से कोर्ट में एक सप्ताह की रिमांड हासिल की, लेकिन, पुलिस बदमाशों को तोड़ नहीं पाई और उनके गैंग के बारे में कुछ भी जानकारी हासिल नहीं कर सकी। आखिर में थक-हार कर, बदमाशों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करना पड़ा।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

---

**संघ शिक्षा वर्ग : प्रदेश के 578 शिक्षार्थियों को दिया प्रशिक्षण**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता बोले-समाज में बदलाव इसलिए, क्योंकि हिंदू समाज जाग गया






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यविस्तार का एक बड़ा आधार प्रतिवर्ष ग्रीष्मकल में लगाए जाने वाले संघ शिक्षा वर्गों को माना जाता है। संघ द्वारा गर्मी में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में राजधानी रायपुर के कृष्णा पब्लिक विद्यालय, डूंडा रायपुर में संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य) प्रदेश के 578 शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इसी सत्र से संघ शिक्षा वर्ग के नाम में बदलाव के अलावा पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया है। प्रथम वर्ष को संघ शिक्षा वर्ग, द्वितीय वर्ष को कार्यकर्ता विकास वर्ग एक और तृतीय वर्ष को कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 कहा जाएगा। इस वर्ष रायपुर महानगर में छत्तीसगढ़ प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य) आयोजित हुआ है, जिसकी अवधि 15 दिन है, यह वर्ग पूर्व में 20 दिन का होता था।

### बताई गई संघ की रीति-नीति

इस संघ शिक्षा वर्ग में संघ के सभी आयु के कार्यकर्ताओं, विशेषकर शालेय एवं महाविद्यालीन विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यवसायी और कृषक वर्ग को संघ की रीति-नीति, विचार, कार्यप्रणाली से परिचित कराने के साथ ही भारत के गौरवशाली इतिहास, प्रातः स्मरणीय महापुरुषों, वीरांगनाओं, संतों, वैज्ञानिकों, स्वाधीनता के लिए प्राणों की आहुति देने वालों सहित महान नर-नारियों का स्मरण किया गया। देश की पवित्र नदियों, पर्वत श्रृंखलाओं, तीर्थ का स्मरण करते हुए देश व समाज के लिए स्वयं के समर्पण का संकल्प इस प्रशिक्षण से लिया गया। संघ शिक्षा वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी 34 जिलों से कुल 578 शिक्षार्थियों ने 15 दिन अपने घर से दूर रहकर संगठन व समाज के लिए कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**स्वयंसेवकों का प्रदर्शन**

छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में आयोजित समापन कार्यक्रम में भीषण गर्मी के बीच संघ के स्वयंसेवकों ने 45 मिनट बिना रुके गणसमता, पदविन्यास, निःयुद्ध, दंड-संचालन, दंडयुद्ध, खेल, योगासन, सामूहिक समता की शारीरिक प्रात्यक्षिक प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री जागेश्वर यादव (प्रसिद्ध समाजसेवी, जशपुर) ने कहा, स्वयंसेवकों की कठिन साधना और परिश्रम, आत्मबल उनको निश्चित ही सफलता के शिखर पर लेकर जाएगा। उन्होंने बताया, बिरहोर जनजाति समाज (जो सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग में निवासरत है) के जीवन में सुधार हेतु उनके लिए घुमंतू जीवन के स्थान पर स्थाई निवास, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि आवश्यकता के लिए शासन की मदद से कार्य किया।

*मंच पर रहे मौजूदः मंच पर प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा, महानगर संघचालक महेश बिड़ला, वर्ग के सर्वाधिकारी भगवान दास बंसल उपस्थित थे।*



**जाग गया है हिंदू समाज : सक्सेना**

*कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, समाज में जो परिवर्तन आ रहे हैं, उसका मूल कारण है कि हिंदू समाज जाग गया है। देश अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है, अंदरूनी देश विरोधी शत्रु बेनकाब हो रहे हैं। हिंदू समाज के जागने से हिंदुओं के धार्मिक संस्थान आकर्षण के केंद्र होंगे। कुटुंब परिवार में उत्सव पर्व मनाने की बातें होंगी, सभी जातियां अपने ईष्ट कुल देवताओं के सम्मान में आगे आएंगी, ग्राम में समाज उत्थान, मंदिर, गुरु गद्दियां, गौशालाएं, तीर्थ सभी बढ़ेंगे। सामूहिक गतिविधियां जैसे श्रीमद भागवत, रामायण कथाएं, धार्मिक यात्राएं इन सभी से भक्ति बढ़ेगी। ये सभी गतिविधियां समाज में हों, पर जो गलतियां पूर्व में हुईं, वे अब न हों, इसलिए आज हिंदू समाज सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी बने, इसका प्रयास होना चाहिए।*

---

# मतगणना के दिन सीएम साय रहेंगे ठाकरे परिसर में मंत्री लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। प्रदेश के सभी मंत्रियों को एक-एक लोकसभा का जिम्मा दिया गया है। इनको मतगणना के लिए अपने जिम्मे वाली लोकसभा में जाना है। जहां तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सवाल है तो वे उस दिन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रहेंगे। यहां पर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह और प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। ठाकरे परिसर में ही किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम रहेगी, जो जरूरत पड़ने पर किसी भी लोकसभा के लिए सलाह देगी।

- मंत्रियों को दिया गया एक-एक लोकसभा का जिम्मा

प्रदेश भाजपा संगठन ने हर लोकसभा के लिए अपने मतगणना एजेंट तय कर दिए हैं। सभी एजेंटों को बता भी दिया है कि उस दिन क्या-क्या करना है। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया है और बताया गया कि किस स्थिति में क्या करना है। पहले वहां पर स्थानीय नेताओं से सलाह लेनी है, वहां किसी की समझ में कुछ न आने की स्थिति में प्रदेश के नेताओं से संपर्क करके सलाह ले सकते हैं। ठाकरे परिसर में भाजपा नेता एक-एक सीट के परिणाम पर नजर रखेंगे। साथ ही हर लोकसभा में तैनात अपने पदाधिकारियों से भी लगातार संपर्क में रहेंगे और वहां की स्थिति की जानकारी लेते रहेंगे।

### हर मंत्री की जिम्मेदारी तय

लोकसभा चुनाव में जिस तरह से एक-एक मंत्री को अलग-अलग लोकसभा का जिम्मा दिया गया था, उसी तरह से अब मतगणना के लिए भी मंत्रियों को जिम्मा दिया गया है। ये मंत्री अपनी जिम्मेदारी वाली लोकसभा सीट की मतगणना के दिन सुबह से लेकर रात तक रहेंगे। जिन मंत्रियों को जिम्मा दिया गया है, इसमें राजनांदगांव का जिम्मा डिप्टी सीएम विजय शर्मा, बिलासपुर का डिप्टी सीएम अरुण साव, सरगुजा का रामविचार नेताम, बस्तर का केदार कश्यप, दुर्ग का टंकराम वर्मा, रायगढ़ का ओपी चौधरी, कोरबा का श्याम बिहारी जायसवाल और लखन लाल देवांगन और रायपुर लोकसभा का सांसद सुनील सोनी को दिया गया है।

---

### विकास बोले- एग्जिट पोल एक तरीके का भ्रामक प्रचार

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तमाम एक्जिट पोल को लेकर विकास उपाध्याय ने कहा, एग्जिट पोल एक तरीके का भ्रामक प्रचार है। हम एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करते। परिणाम को लेकर किसी भी एग्जिट पोल पर बात करना सही नहीं है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने संवाददाताओं से चर्चा में एग्जिट पोल को लेकर कहा, 10 साल से भाजपा सत्ता में है, लोगों का विश्वास उठ गया है। राहुल गांधी पदयात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचे। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मेहनत के साथ काम किया है। महंगाई-बेरोजगारी के साथ अन्य मुद्दों को लेकर जनता परेशान है।

---

# कांग्रेस ने दिया मतगणना एजेंटो को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को आने वाले हैं। रायपुर स्थित सेजबहार में मतगणना होनी है, जिसकी तैयारी को लेकर कांग्रेस ने अपने मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षण दिया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में प्रशिक्षण शिविर रखा गया। रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं के एजेंटों को प्रशिक्षण शिविर में ईवीएम मशीन की छोटी-छोटी तकनीकी चीजों को बारीकी से समझाया गया। प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन की जांच, कंट्रोल यूनिट नंबर का मिलान करने के साथ ही 17 सी का हर बूथ के चुनाव परिणाम के साथ मिलान करना एजेंटों को बताया गया। हर राउंड की गिनती के बाद उस राउंड का चुनाव परिणाम एआरओ के पास तुरंत जमा किया जाना होगा। पोस्टल बैलेट की गिनती कराने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर दावा-आपत्ति भी करने की बात कही गई। पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, निगम सभापति प्रमोद दुबे, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रमोद तिवारी, महेंद्र छाबड़ा, कन्हैया अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सभी 9 विधानसभा के मतगणना एजेंट मौजूद रहे।

---

# केंद्रीय जेल में कैदियों को सीसीटीवी इंस्टालेशन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी-रायपुर के माध्यम से केंद्रीय जेल रायपुर में विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 दिवसीय इंस्टालेशन ऑफ सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर विषय पर 34 कैदियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सीसीटीवी इंस्टालेशन की तकनीकी तथा उद्यमिता विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन संचालक नम्रता जैन की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मिशन संचालक द्वारा प्रशिक्षार्थी कैदियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी उनके अनुभव एवं प्रशिक्षण से लाभ के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही जेल में बंद कैदियों को और किन-किन तरह के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदाय किया जा सकता है इत्यादि विषयों पर सुझाव मांगे गए, जिस पर कुछ प्रशिक्षार्थी कैदियों द्वारा जेल परिसर में सामान्यतः ग्रामीण जनजीवन को आधार बनाकर कृषि, पशुधन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने और बंदी कैदियों को बाहरी दुनिया में बेहतर अवसर प्रदान किए जाने की मांग की गई।

---

### पीएससी के अभ्यर्थी ने पीएम को लिखा पत्र- सीबीआई ही जांचे 18 साल पुरानी गड़बड़ी



**रायपुर।** पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच कराने और मामले में दोषियों को घेरने में जितनी तत्परता 2023 में दिखाई गई, अगर इसी तरह की पारदर्शिता 2003 में हुई पीएससी की गड़बड़ी को उजागर करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने का साहस सरकार ने दिखाया होता तो मेरे जैसे कई युवाओं को 18 साल पहले ही न्याय मिल जाता। इस मामले को लेकर रायगढ़ से आए अभ्यर्थी हंसराम साहू ने मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में अपनी बात रखी। रायगढ़ के पुसौर निवासी हंसराम ने आगे बताया कि जब 2023 में पीएससी की गड़बड़ी उजागर हुई तो केंद्र सरकार ने मामले की जांच कराने में पूरी ताकत लगा दी। इसे देखते हुए 5 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मैने मांग की है कि छत्तीसगढ़ में इसी तरह की गड़बड़ी राज्य बनने के बाद आयोजित पीएसपी परीक्षा के दौरान भी हुई थी। उसकी जांच भी सीबीआई से कराने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा है। इसमें मांग की गई है कि गड़बड़ी में जो भी जिम्मेदार रहे हैं, उन पर और इसमें शामिल अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

---

**भाजपा सांसदों के पास कोई पद भी नहीं रहेगा, बैज पीसीसी अध्यक्ष**

# हार-जीत से परे पांच नेता 5 जून से हो जाएंगे पूर्व सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर







लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही छत्तीसगढ़ के पांच सांसद पूर्व की श्रेणी में आ जाएंगे। जीत-हार से परे ये नेता न सांसद रहेंगे, न विधायक। उनको इस बार चुनाव मैदान में उतारा ही नहीं गया था। इन नेताओं में चार भाजपा और एक कांग्रेस नेता शामिल हैं। इन नेताओं ने 2019 में लोकसभा का चुनाव जीता था, लेकिन 2024 के चुनाव में इन्हें टिकट नहीं मिला। ऐसे में इन नेताओं के पास फिलहाल कोई पद भी नहीं होगा। ये संभव है कि देर-सबेर इन नेताओं को कोई उपयुक्त स्थान मिले। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज इन नेताओं में शामिल हैं। उन्होंने 2019 में भाजपा-मोदी लहर के बीच भी बस्तर लोकसभा का चुनाव जीता और संसद पहुंचे थे, लेकिन इस बार उन्हें पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बनाया। श्री बैज ने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। यह एक वजह भी हो सकती है कि इस हार की वजह से उन्हें लोकसभा के टिकट से वंचित किया गया। अब श्री बैज पूर्व सांसद के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने रह सकते हैं, लेकिन कांग्रेस में इस बात की भी चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में संगठनात्मक बदलाव हो सकते हैं। अगर ये हुआ तो संभव है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी बदल दिया जाए। भाजपा की बात करें तो रायपुर लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव 3 लाख 40 हजार वोटों से जीतने वाले नेता सुनील सोनी भी 5 जून से पूर्व सांसद हो जाएंगे। पार्टी ने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया। श्री सोनी को लेकर एक चर्चा है कि रायपुर लोकसभा सीट पर बृजमोहन अग्रवाल के जीतने के बाद उनकी खाली हुई रायपुर दक्षिण की सीट से वे प्रत्याशी होंगे, लेकिन जब तक विधानसभा उपचुनाव की घोषणा नहीं होगी और उन्हें टिकट नहीं मिलता, तब तक वे केवल पूर्व सांसद ही बने रहेंगे।

**जांजगीर-कांकेर भी**

*जांजगीर लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव जीतने वाले गुहाराम अजगले को 2024 में टिकट नहीं मिला। वे भी 5 जून से पूर्व सांसदों में शुमार हो जाएंगे। इसी क्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे मोहन मंडावी का भी नाम आता है। पिछला लोकसभा चुनाव जीतने वाले मोहन मंडावी को इस बार टिकट नहीं मिला है। उनकी स्थिति भी जल्द पूर्व सांसद के रूप में होना तय है।*

**साहू में हो जाएंगे पूर्व सांसद**

*यही स्थिति 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने वाले भाजपा नेता चुन्नीलाल साहू की भी दिख रही है। उन्होंने पिछला लोकसभा चुनाव महासमुंद लोकसभा सीट से जीता था। पार्टी ने उन्हें इस सीट से दूसरी बार मौका नहीं दिया, लिहाजा वे भी पूर्व सांसद हो जाएंगे।*

# रायपुर-ओडिशा के मध्य बसों की बाधा-दौड़, 8 को बैठक, नहीं बनी बात तो सीमा पर रोक दी जाएंगी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओडिशा मार्ग पर चलने वाली छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा के बस संचालक चलने नहीं दे रहे। ओडिशा के बस संचालकों की इस दादागिरी का जबाव देने छत्तीसगढ़ के बस संचलक राज्य परिवहन विभाग के अफसरों के साथ मिलकर हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। बावजूद इसके कोई हल नहीं निकलने पर राज्य के बस ऑपरेटरों ने 11 जून से ओडिशा की बसों को राज्य की सीमा में नहीं प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी है। दोनों राज्यों में बस संचालन को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने ओडिशा के बस संचालकों की रायपुर के एक होटल में 8 जून को बैठक बुलाई है।

हरिभूमि फॉलोअप

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के परिवहन अधिकारियों के बीच इंटरस्टेट बस संचालन के लिए समझौता हुआ है। इसके तहत जितनी बसें ओडिशा की छत्तीसगढ़ में आएंगी, उतनी बसें छत्तीसगढ़ से ओडिशा मार्ग के लिए चलेंगी। वर्तमान में ओडिशा की 40 बसों का संचालन छत्तीसगढ़ के लिए हो रहा है। नियम के मुताबिक उतनी बसों का संचालन छत्तीसगढ़ से ओडिशा के लिए होना चाहिए। ओडिशा के बस एसोसिएशन की मनमानी तथा वहां के परिवहन विभाग के अफसरों द्वारा सुरक्षा नहीं मिलने की वजह से राज्य की गिनती की बसें फिलहाल ओडिशा मार्ग के लिए संचालित हो रही हैं।

**प्रोटेक्शन मनी लेने के बाद भी मनमानी :** छत्तीसगढ़ यातायात संघ के अध्यक्ष सैयद अनवर अली के मुताबिक छत्तीसगढ़ की बसों का ओडिशा में संचालन करने प्रोटेक्शन मनी के रूप में वहां के बस एसोसिएशन के पास 25 हजार जमा कराए जाते हैं। उक्त राशि जमा करने के बाद भी राज्य के बस ऑपरेटरों को बसों का संचालन नहीं करने दिया जा रहा। यातायात महासंघ के अध्यक्ष के मुताबिक ओडिशा मार्ग की ओर चलने वाली बसों को वहां के बस ऑपरेटर समय पर नहीं चलने दे रहे। साथ ही राज्य के बस ड्राइवर तथा कंडेक्टर के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।

## बसों में अवैध तरीके से माल परिवहन कर रहीं ओडिशा की 37 बसों पर कार्रवाई

### मालवाहक की तरह उपयोग

ओडिशा के बस ऑपरेटरों की मनमानी की शिकायत को राज्य परिवहन विभाग के अफसरों ने गंभीरता से लिया और ओडिशा से छत्तीसगढ़ मार्ग पर चलने वाली बसों की परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जांच की। जांच में उड़नदस्ता टीम ने पाया कि ओडिशा के बस ऑपरेटर अपनी बसों का मालवाहक वाहन की तरह उपयोग कर रहे हैं। ओडिशा की ज्यादातर बसों की छतों पर एक से दो टन के करीब सामान लोड कर ले जाते पाया गया।



छग के बस ऑपरेटरों ने ओडिशा के बस संचालकों पर लगाया बाधा डालने का आरोप

ओडिशा-छग के बस ऑपरेटर्स भिड़े, 11 जून से राज्य की सीमा पर ही रोकी जाएंगी ओडिशा की बसें

बाधा उत्पन्न करने वाले बस ऑपरेटर तथा यूनियन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### विवाद सुलझाने जुटे परिवहन विभाग के अफसर

दोनों राज्यों के बस ऑपरेटर एक-दूसरे के राज्य में बगैर किसी विवाद के शांतिपूर्वक बस संचालन कर सकें, इसके लिए राज्य परिवहन विभाग के अफसर ओडिशा के परिवहन विभाग के अफसरों से चर्चा कर रहे हैं। साथ ही 8 जून को छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने ओडिशा के बस ऑपरेटरों को चर्चा के लिए रायपुर आमंत्रित किया है। गौरतलब है कि दोनों राज्यों के बीच करीब 12 हजार यात्री बसों में यात्रा करते हैं। बस संचालन बंद होने की स्थिति में इन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### 37 बसों पर जुर्माना

परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने पिछले तीन-चार दिनों में कार्रवाई करते हुए ओडिशा की 37 बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए एक लाख 60 हजार से ज्यादा की जुर्माना राशि वसूल की। जिन बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें से ज्यादातर बसों की छत पर माल परिवहन कर ले जाते पाया गया। बसों की छत पर माल परिवहन करने वाले बस संचालकों को दोबारा पकड़े जाने पर परमिट रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### साइकिल यात्रा आज 50 से ज्यादा प्रतिभागी

**रायपुर।** हर साल 3 जून को वर्ल्ड बाइसिकल डे के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। यह दिन साइकिल चलाने और उसकी वजह से होने वाले फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करने सेलिब्रेट किया जाता है। इसी कड़ी में वर्ल्ड बाइसिकल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब सी-3 क्लब द्वारा 3 जून को 25 किमी की साइकिलिंग यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सी-3 क्लब के संस्थापक डॉ. भार्गव आयंगर ने बताया कि वर्किंग डे होने के बावजूद वर्ल्ड साइकिल डे पर आयोजित यात्रा में 50 से ज्यादा प्रतिभागियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। साइकिल यात्रा सुबह 5.30 बजे तेलीबांधा तालाब से शुरू होकर स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे तक जाकर वापस तेलीबांधा तालाब तक आएगी, सभी प्रतभिगियों के जलपान की व्यवस्था भी की गई है। इस आयोजन में इस वर्ष सी-3 क्लब के साथ रायपुर शहर के अग्रणी एमआरआई सेंटर और पैथोलॉजी त्रिवेणी डायग्नोस्टिक ने साथ दिया है तथा लोगों को साइकिलिंग के प्रति और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया है। टूरिज्म डिपार्टमेंट छत्तीसगढ़ ने भी इस आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई है।

### चार सौ सीटों की प्राप्ति के लिए आज महायज्ञ अनुष्ठान

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर ने बताया, लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए धार्मिक महायज्ञ अनुष्ठान सोमवार को सुबह 10 बजे प्राचीन काली मंदिर आकाशवाणी चौक में आयोजित है। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व जिले के नेता, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे और पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से अनुष्ठान कर देश में पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए 400 से अधिक सीटें प्राप्त कर एक बार फिर से जनहितैषी सरकार बनाने की कामना ईश्वर से करेंगे।

## निधन

### राजदुलारी शुक्ल



**रायपुर।** घुरसेना निवासी राजदुलारी शुक्ल का 2 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को सुबह 8 बजे उनके निवास स्थान से घुरसेना मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जयप्रकाश शुक्ल, शिवप्रकाश शुक्ल, रामप्रकाश शुक्ल, विष्णु प्रकाश शुक्ल, डॉ. सतीश शुक्ल, ऊषा, मंजू, संध्या की माता थीं।

### गायत्री ठाकुर

**रायपुर।** गुढ़ियारी रोड कोटा निवासी गायत्री ठाकुर (64) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गजाधर सिंह ठाकुर की पत्नी, दुर्गा सिंह ठाकुर की बड़ी भाभी और अजय सिंह ठाकुर की माता थीं।

## दलदल सिवनी में अधूरा निर्माण, बिजली, पानी और सुरक्षा का इंतजाम नहीं

# सिटी पार्क की सुविधा अटकी, 9 करोड़ के योग चबूतरे तक पहुंच मार्ग नहीं, धंसने लगा पाथवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में कई ऐसे निर्माण हैं, जिनका काम अभी तक अधूरा होने से लोगों को मिलने वाली सुविधा अटकी हुई है। इनमें दलदल सिवनी में बना रायपुर सिटी पार्क भी शामिल है। इस पार्क को संवारने 9 करोड़ से ज्यादा खर्च किए गए। सिटी पार्क में जो निर्माण कार्य कराए गए, उनकी स्थिति भी अव्यवस्था के चलते बिगड़ने लगी है। लोगों को योग की सुविधा देने व परिवार के साथ समय बिताने के लिए चबूतरे बनवाने के बाद जिम्मेदारों ने पहुंच मार्ग अधूरा छोड़ दिया। इतना ही नहीं, गार्डन में घूमने के लिए बनवाया गया पाथवे भी धसकने लगा है।

हरिभूमि सरोकार

दलदल सिवनी में 72 एकड़ एरिया को करीब 8 साल पहले एम्यूजमेंट पार्क बनाने के लिए प्लान बनाने और उसे पूरा करने सबसे पहले हरियाली की जिम्मेदारी शासन ने वन विभाग को दी। तीन साल में पौधारोपण के बाद उसमें जरूरी काम कराने सरकार ने 10.28 करोड़ की स्वीकृति देते हुए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सूडा को दी। जहां काम करने के लिए एजेंसी तय करने के बाद 2017 से 2022 के बीच सूडा ने आने-जाने के लिए तीन गेट लगवाए। साथ ही घूमने के लिए 20 फीट चौड़े पाथवे के साथ ही 6 व 10 फीट चौड़ी सपोर्टिंग सड़कें भी एजेंसी से तैयार कराईं। जमीन समतल करने के बाद तुरंत पेवर ब्लॉक लगाने से जमीन दबने से पाथवे धसकने लगा है। यह स्थिति सिटी पार्क में अधिकांश पाथवे का है।



### अब रायपुर सिटी पार्क होगा

इस प्रोजेक्ट को शुरू करते समय इसे एम्यूजमेंट पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी हुई। बाद में प्रोजेक्ट को निगम को हैंडओवर देने की तैयारी होने पर इसे अब रायपुर सिटी पार्क कहा जाने लगा है। पिछले पांच साल से अधूरे पार्क का निर्माण ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। वहां कुछ साल पहले नगरीय प्रशासन विभाग की तकनीकी टीम ने रायपुर सिटी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। फिलहाल 10 एकड़ में गार्डन व अन्य अधोसंरचना का काम भी शुरू कर दिया। पूरे 72 एकड़ में करीब 10 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत में से सूडा ने 9 करोड़ से भी ज्यादा खर्च किए हैं।

### स्थिति जांचने के बाद बनाएंगे रिपोर्ट

रायपुर सिटी पार्क को उपयोगी बनाने के लिए जल्द ही प्रक्रिया की जाएगी। अभी पार्क की स्थिति जांचने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद सूडा से पार्क को हैंडओवर लिया जाएगा।

*- संतोष कुमार पांडेय*
*आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर*

### जरूरी सुविधाएं अभी भी नहीं

जिस एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी, उसने प्रोजेक्ट में विलंब की स्थिति देखते हुए काम बंद कर दिया। अभी तक कृत्रिम जलाशय, किड्स जोन, बिजली, पानी और सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। रायपुर सिटी पार्क का निर्माण करते समय बाउंड्री निर्माण के बजाय ग्रिलिंग की गई। इसे उपद्रवी तत्व चोरी कर ले जाने लगे हैं। कई स्थानों पर ग्रिल को काट दिया गया है। यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से नशेड़ी व उपद्रवी युवाओं की भीड़ लगी रहती है। एजेंसी कर्मी वहां से जाने के बाद पार्क वीरान पड़ा है।

### ये जरूरी काम अभी भी अधूरे

सिटी पार्क डेवलप करते समय वहां वाटर स्पोर्ट्स से लेकर पाथवे, चौपाटी, बच्चों के लिए झूले आदि मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने रायपुर सिटी पार्क में गार्डनिंग, लाइट्स लगाने और शाम ढलते ही रंगबिरंगी रोशनी से पार्क को जगमगाने के लिए आगे काम नहीं कराया। पार्क में सुबह-शाम सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोगों को फूड कॉर्नर की सुविधा देने की तैयारी भी हुई। तफरीह करने आने वालों के लिए पार्किंग की व्यवस्था अभी तक नहीं हुई। जो काम वहां कराए गए, वे भी टूट-फूट के शिकार हैं।

# नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने सात दिन शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने उज्वल भविष्य निर्माण शिविर का शुभारंभ रविवार को वीआईपी रोड स्थित आश्रम में हुआ। ओंकारानंद के सान्निध्य में शुरू हुआ शिविर 8 जून तक चलेगा। इस शिविर में प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था आयोजन संस्था की ओर से की जा रही है।

- वीआईपी रोड स्थित आश्रम में 2 से 8 जून तक आयोजन

विद्यार्थी उज्वल भविष्य निर्माण शिविर में विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरुजनों का आदर करने संबंधी संस्कारा की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के टिप्स बताए जाएंगे। खानपान से लेकर आहार-विहार के बारे में बताया जाएगा। साथ ही महापुरुषों और देशभक्तों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग की भी चर्चा शिविर में की जाएगी।

प्रतिभागियों को शिक्षा व जीवन के उत्थान से जुड़े विषयों के अलावा शारीरिक विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा। योगासन और प्राणायाम से स्वस्थ रहने के तरीके भी बताए जाएंगे। यह शिविर निशुल्क रहेगा। शिविर के समापन पर विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ ही प्रतियोगिता में विजेता होने पर पुरस्कार दिए जाएंगे।

## पेज 09 के शेष ...

### आयुष्मान में लिया ज्यादा...

दी जाती है। इस दौरान निजी अस्पतालों द्वारा निर्धारित योजना के अतिरिक्त मरीजों से राशि लेने की शिकायत भी होती रहती है। इसी तरह की शिकायत के आधार पर इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बनाई गई स्टेट नोडल एजेंसी ने कुछ अस्पतालों पर एक्शन लिया है। दुर्ग के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल के खिलाफ अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायत की थी, जिसे सही पाए जाने पर 11.41 लाख रुपए जुर्माना किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव के जय तुलसी मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल को अतिरिक्त राशि लेने पर योजना से तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा रायपुर सहित विभिन्न जिले के 28 अस्पतालों के शिकायतों के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनके खिलाफ जवाब मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### इस तरह की...

पर गठित जिला स्तर की समिति ने जांच की थी। पुष्टि हुई कि मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती रखने के बाद कार्ड से आईसीयू का पैकेज ब्लाक किया गया था, इसके साथ ही ओपीडी पंजीयन के तीन हजार रुपए लिए गए थे। अस्पताल को तीन माह के लिए योजना से निलंबित कर दिया गया है।

### गंगरेल का जलस्तर...

मांग के हिसाब से पर्याप्त है। आगे भी एग्रीमेंट के हिसाब से शहर को उसके हिस्से का पानी बिना किसी संकट के लगातार मिलता रहेगा। गंगरेल बांध से सिंचाई विभाग ने भले ही बीएसपी को पानी देना बंद कर दिया है, पर रायपुर शहर के हिस्से के पानी की मात्रा में कटौती नही होगी। रायपुर नगर निगम के जल विभाग और जल संसाधन विभाग के बीच पूर्व में हुए अनुबंध के मुताबिक शहर को 2030 तक 3.15 टीएमसी पानी देना सुनिश्चित है। 15 साल तक की डिमांड को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015 में यह अनुबंध किया गया था। शहर के विस्तार को देखते हुए वर्ष 2030 में होने वाले अनुबंध में गंगरेल से 4 टीएमसी पानी रायपुर शहर के हिस्से के लिए रिजर्व वाटर के रूप में रखने का आग्रह करते हुए मांगपत्र पहले ही भेजा जा चुका है।

### 80 फीसदी बिजली...

वहां कम पढ़े-लिखे होने के कारण ये ऑनलाइन सुविधा का उपयोग नहीं कर पाते, लेकिन शहरी क्षेत्रों में ज्यादातर उपभोक्ता अब ऑनलाइन बिल जमा करना ही पसंद करते हैं। बिजली बिलों के लिए अब लाइन लगाकर बिल जमा करना पुरानी बात हो गई है। समय के साथ पॉवर कंपनी ने बिल जमा करने के लिए नई-नई सुविधाएं देना प्रारंभ किया। पहले एटीपी मशीनें लगाई गईं। आज प्रदेश में पांच सौ से ज्यादा एटीपी मशीनों से बिलों का भुगतान होता है। यहां भी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा हो गई है। साथ ही ऑनलाइन भुगतान के लिए कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। 20 लाख से ज्यादा बीपीएल उपभोक्ता : प्रदेश में 20 लाख से ज्यादा बीपीएल के उपभोक्ता हैं। इनको एक तो 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, इसके बाद की बिजली का ही पैसा लगता है। आमतौर पर इन उपभोक्ताओं की खपत सौ यूनिट के अंदर ही रहती है। इतना सब होने के बाद भी बीपीएल वर्ग के लाखों उपभोक्ता बरसों से बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इनकी बिजली भी कट नहीं होती है, लेकिन आने वाले समय में स्मार्ट मीटर लगने पर जब सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे तो बीपीएल के उपभोक्ताओं को भी बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना ही पड़ेगा।

### हजार करोड़ हर माह...

क्षेत्रों के हैं। गांवों के उपभोक्ता भी ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं। जिनका बिल कम आता है और जिनके घरों के आसपास ही ऑफलाइन बिल भुगतान की सुविधा है, वे वहीं ऑफलाइन भुगतान कर रहे हैं, लेकिन जिनके घरों से बिल जमा करने के सेंटर दूर हैं, वे सब ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं। अब तो प्रदेश के ज्यादातर गांवों तक भी इंटरनेट की सुविधा हो गई है, ऐसे में कोई परेशानी नहीं हो रही है।

### सीसीपीएल मैच में कैच...

शिव दुबे, पृथ्वी शॉ, हनुमा विहारी समेत टीम इंडिया और आईपीएल के स्टार खिलाड़ी पहुंचे थे। इस दौरान भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने प्रवेश निशुल्क किया था, लेकिन एक भी दर्शक मैच देखने नहीं पहुंचा था।

### दस साल में दूसरी...

इस बार नवतपा की गर्मी ने भी उस वक्त के रिकार्ड को पीछे छोड़ते हुए अपना रौद्र रूप दिखाया। 25 मई से शुरू नवतपा के पहले दिन तापमान 41-42 डिग्री पर सिमटा रहा और दूसरे दिन से इसमें बढ़ोतरी का दौर शुरू हुआ था। तीसरे दिन पारा एकाएक चढ़ा और उत्तर के साथ मध्य इलाका बुरी तरह गर्मी की चपेट में आ गया। पुरानी मान्यता के अनुसार नवतपा के दौरान बारिश होती है, मगर इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। 44 से 47 डिग्री के तापमान में धरती झुलसती रही और लोग गर्मी के विपरीत असर से बीमार होते रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस बार मई के महीने में डेढ़ हजार से अधिक लोग लू की चपेट में आए, जिनमें आधे नवतपा के दौरान इसका शिकार बने। भारी गर्मी की वजह से राज्य में दर्जनभर लोगों ने दम तोड़ा, मगर सरकारी आंकड़ों में इसे अब तक शामिल नहीं किया गया है। **तबीयत बिगड़ी और मौत** : नवतपा के दौरान रायपुर समेत विभिन्न जिलों में तेज गर्मी की वजह से लोगों की जान जाती रही। मौसम विभाग द्वारा दोपहर 12 से शाम 4 बजे को हाईरिस्क की श्रेणी में रखा गया था। इस दौरान बरती गई लापरवाही ने लोगों को बीमार किया और कइयों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। रायपुर के अलावा बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, कांकेर और बिलासपुर में भी लू की चपेट में आकर लोगों ने जान गंवाई। **जारी रहेगी उमसभरी गर्मी** : मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक प्री-मानसून की शुरुआत हो चुकी है, मगर व्यापक रूप से बारिश के लिए अभी इंतजार करना होगा। धरती बेहद गर्म हो चुकी है और इसे ठंडा होने में काफी वक्त तथा अच्छी बारिश तक इंतजार करना होगा। जगदलपुर में मानसून का प्रवेश 13 जून को होता है, रायपुर में 16 और पूरे राज्य में यह 21 जून तक सक्रिय होता है। अभी जिन इलाकों में वर्षा होगी, वहां तापमान कम रहेगा, मगर जहां का पारा चढ़ा रहेगा, वहां ग्रीष्मलहर के हालात भी बने रहेंगे।

REQUIRED
FOR GUJARAT BASED COMPANY
SENIOR HR EXECUTIVES
HR FIELD & WORKER RECRUITMENT
Stationed in Raipur
hrm@rajantechcast.com kkhunt@rajantechcast.com
Mo. 96876 97731 · 96876 94472 · 97277 99329

100% PURE VEG
Since 1962 super sweets
गर्मी को Testy बनाएं
CHHACHH
Also in Liter @40/- per Ltr.
Minimum Order 100 Ltrs.
Chilled & Tastefull
मिठाईयाँ • ड्राय फ्रूट्स • नमकीन • बेकरी • डेयरी
BUDHAPARA : City Kotwali Road, Raipur,
LAKHE NAGAR : Mahadev Ghat Road, Lakhe Nagar Dhal, Raipur
PANDRI : Jeevan Bima Marg, Main Road, Raipur
AMLESHWAR : Mahadev Ghat Road, Beside Wood I Land Colony
9826895455, 8821098000

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight: Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features: Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com
Contact to Add Your School - 79871-19756

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मंत्री अग्रवाल का किया अभिनंदन

**रायपुर।** संजय नगर स्थित तुलसी भवन में रविवार को सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की महिला मंडल की नेत्रियों ने वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का अभिनंदन किया। साथ ही समाज के विकास तथा संगठित किए जाने उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद भी मांगा। इस मौके पर मंत्री श्री अग्रवाल ने अभिनंदन के बजाय आशीर्वाद दिए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि वे रायपुर या दिल्ली में रहें, विधायक रहें या सांसद, सदैव ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद के आकांक्षी रहेंगे तथा प्रदेश के सतत विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अभिनंदन करने वालों में संजय तिवारी, मंडल की सीमा पांडे, किरण तिवारी, ब्रिजेश त्रिपाठी, ममता तिवारी, सुमन पाठक, ममता शर्मा, मनीष तिवारी, काजल पांडे, अपर्णा तिवारी आदि शामिल रहे।

### महाराष्ट्र मंडल का ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर 9 से

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र भवन में महाराष्ट्र मंडल का सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर 9 जून से शुरू होने जा रहा है। शिविर के प्रभारी श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि शिविर 6 से 14 आयुवर्ग के बच्चों के लिए होगा। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों के अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन सुबह 8 बजे शिविर स्थल पर छोड़ेंगे और शाम 6 बजे वापस ले जाएंगे। शिविर में बौद्धिक व मनोरंजक खेल जैसे शतरंज, कैरम, लूडो, सांप-सीढ़ी के माध्यम से बच्चों को व्यस्त रखा जाएगा। बच्चों से कहानियां सुनी भी जाएंगी। उत्सुक व उत्साही बच्चों को प्राथमिक तौर पर कंटेम्पररी, जुंबा और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा। शिविर में मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित पदाधिकारी शामिल होंगे।

### गड़रिया समाज ने मनाई देवी अहिल्या बाई जयंती



**रायपुर।** शिवशंकर चौक टिकरापारा में गड़रिया धनगर समाज की आराध्य देवी लोकमाता अहिल्या देवी का 299वीं जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने खीर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी अभिमन्यु धनगर ने बताया कि अहिल्या देवी त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रेरणा हैं, गड़रिया समाज का गौरवशाली इतिहास और संस्कृति परंपरा है। कार्यक्रम में जगदीश धनगर, दीपक धनगर, धर्मेंद्र धनगर, गोपाल धनगर, विरेंद्र धनगर, अजय धनगर, शंकर धनगर, दिनू धनगर, गुड्डू धनगर, शकुन धनगर, श्यामा धनगर, बुधन बाई धनगर, राधा धनगर, मीरा बाई धनगर, ममता धनगर, मोनिका धनगर, सीमा धनगर, सुनीता धनगर, माया धनगर, छाया धनगर, पुष्पा धनगर, मंजू धनगर, रजनी धनगर, गंगा धनगर आदि महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छोटे स्कूल नहीं लेंगे पापुनि की किताबें, वजह-प्रदेश में सिर्फ 6 जगह बनाए गए वितरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- नवीन शैक्षणिक सत्र 16 जून से, किताबों का वितरण शेड्यूल जारी

प्रदेश के स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। इसके पूर्व निजी और शासकीय विद्यालयों में पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किताबों का निशुल्क वितरण प्रारंभ हो गया है। इसके लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शासकीय विद्यालयों को उनके जिला संकुलों से किताबें वितरित की जाएंगी, जबकि निजी स्कूलों के लिए सात जिला मुख्यालयों में केंद्र बनाए गए हैं। जिन छोटे स्कूलों की दूरी इन जिला मुख्यालयों से अत्यधिक दूर है, वे पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें नहीं लेने की तैयारी कर रहे हैं। इन स्कूलों का कहना है कि पूरे राज्य में केवल 6 जिलों में ही निजी स्कूलों के लिए बुक डिपो बनाए गए हैं। समीपस्थ जिलों के निजी स्कूल यहां से आसानी से किताबें ले जा सकते हैं, किंतु ऐसे स्कूल जिनकी दूरी इन डिपो से अत्यधिक है, उनके लिए परिवहन ही बड़ी समस्या बन जाता है। छोटे निजी स्कूलों का बजट इतना अधिक नहीं होता है कि वे लंबी दूरी के लिए वाहन भाड़े पर ले सकें। रायपुर, जगदलपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और अंबिकापुर में ये डिपो बनाए गए हैं।

खास खबर

## शासकीय विद्यालयों को संकुलों में मिलेंगी किताबें, निजी स्कूलों को लगानी पड़ेगी लंबी दौड़

### शासकीय में वितरण 20 मई से प्रारंभ

जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, शासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में किताबों का वितरण 20 मई से प्रारंभ कर दिया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए 1 जून से वितरण कार्य प्रारंभ किया गया है। निजी स्कूलों का जिक्र तय किए गए शेड्यूल में नहीं है। इसे लेकर भी निजी स्कूलों द्वारा नाराजगी जताई गई है।



### बीते कई वर्षों से मांग

उनकी मांग है कि जिस तरह से शासकीय स्कूलों को उनके संकुल में किताबें वितरित की जाती हैं, उसी तरह निजी स्कूलों को भी उनके संकुल में ही किताबें वितरित की जाएं। यदि यह संभव नहीं है तो डिपो की संख्या बढ़ाई जाए ताकि उन्हें लंबी दूरी की यात्राएं ना करनी पड़े। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता कहना है कि पापुनि की इस नीति के कारण अधिकतर छोटे स्कूल किताबें लेकर नहीं जाते हैं और ये किताबें डिपो में ही डंप हो जाती हैं। बीते कई वर्षों से वितरण केंद्र बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस मांग पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

## गर्मी में एसी कोच में सफर करना यात्रियों की पहली प्राथमिकता

# एडवांस में स्लीपर से ज्यादा एसी कोच की बुकिंग, खड़े होकर भी सफर कर रहे यात्री


**लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में 12 से 24 घंटे खड़े होकर यात्री सफर करने को तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तेज गर्मी में ट्रेन से सफर करने अब यात्रियों की पहली प्राथमिकता एसी कोच बन गया है। अब एडवांस बुकिंग में स्लीपर का टिकट तो आसानी से मिल जा रहा है, लेकिन थर्ड एसी और इकोनॉमी कोच में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। इस वजह से अब एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिल रही है। हरिभूमि टीम ने रविवार को स्टेशन में एसी कोच के साथ एडवांस बुकिंग की पड़ताल की तो पता चला कि गर्मी से बचने कई स्लीपर कोच के यात्री भी एसी कोच में चढ़ने लगे हैं। इसमें बिना टिकट यात्री भी शामिल हैं।

हरिभूमि सरोकार

टीटीई ने बताया कि एक ट्रेन में ऐसे दर्जनभर से अधिक यात्रियों पर चालानी कार्रवाई कर एसी कोच से बाहर किया जा रहा है। आमतौर में एसी कोच के यात्री पूरा पैसा देने के बाद वेटिंग टिकट से सफर नहीं करते, लेकिन गर्मी के कारण खचाखच भीड़ में भी सफर करने को तैयार हैं। इस वजह से एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिली रही है। टीटीई का कहना है कि बगैर उचित टिकट वाले यात्रियों को पकड़ने एसी कोच में औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है, जिससे भीड़ कम करने में सफलता मिल रही है।





### इन ट्रेनों के स्लीपर से अधिक एसी की बुकिंग

- 26 जून को गीतांजलि एक्सप्रेस में रायपुर से मुंबई के लिए स्लीपर में 28 सीटें खाली हैं, वही सेंकड और इकॉनॉमी एसी में 8 वेटिंग है।
- दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अंबिकापुर के लिए 11 जून को स्लीपर में 185 सीटें हैं और एसी में 41 बची हैं।
- दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस में 19 जून को स्लीपर में 20 सीटें खाली, जबकि थर्ड एसी में 10 वेटिंग है।
- समता एक्सप्रेस में रायपुर से दिल्ली के लिए 18 जून को स्लीपर में 20 वेटिंग है तो वहीं एसी में 40 है।
- गोंडवाना एक्सप्रेस में 14 जून को स्लीपर में 25 वेटिंग है तो वहीं एसी में 40 पहुंच गई है।



### हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई

स्लीपर के साथ एसी कोच में भी बिना टिकट के यात्रियों की संख्या बीते तीन महीनों में बढ़ी है। मंडल के टीटीई के मुताबिक, एसी कोच में हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। महीने में लाखों रुपए रेलवे का राजस्व केवल बेटिकट यात्री बढ़ा रहे हैं। एसी कोच में भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। यात्रियों का सुझाव है कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान ही यात्रियों के टिकट की जांच कर ली जाए, ताकि अन्य यात्रियों को दिक्कत न हो।

### खड़े होकर घंटों कर रहे सफर

एसी कोच में कंफर्म टिकट नहीं मिलने से अब यात्री खड़े होकर सफर करने लगे हैं। स्लीपर जैसा यात्रियों का दबाव एसी कोच में देखने को मिल रहा है। गरीब रथ, राजधानी एक्सप्रेस में भी वेटिंग 100 से अधिक पहुंच रही है। बाकी एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को एसी कोच में भीड़ का सामना करना पड़ा रहा है। रेलवे द्वारा अतिरिक्त कोच लगाने का फायदा भी यात्रियों को नहीं मिल रहा है।

### इकॉनॉमी कोच में चढ़ने और उतरने में मशक्कत

रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में थर्ड एसी से कम किराए वाला इकोनॉमी एसी कोच लगाया है, जिसमें इन दिनों भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इन कोच में यात्रियों को चढ़ने और उतरने के साथ सफर करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, गीतांजलि के इकोनॉमी कोच में 20 से अधिक यात्री खड़े होकर सफर कर रहे थे। ट्रेन में एक तरफ से दूसरी ओर जाने में भी यात्रियों दिक्कत हो रही थी। यह स्थिति आमतौर पर हर गर्मी में बनती है, लेकिन इस गर्मी वेटिंग यात्रियों की संख्या कोच में बढ़ी है। छत्तीसगढ़ और संपर्क क्रांति में कम दूरी का सफर वेटिंग में करते यात्री दिखे। स्लीपर की तरह एसी कोच में यात्री खड़े नजर आए।

### फिलीस्तीन में जारी हमलों के खिलाफ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तमाम अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्रसंघ, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा गाजा, रफाह सहित फिलस्तीन में जारी हमलों को नरसंहार करार देते हुए इसे रोकने के फैसले के बावजूद गाजा के बाद अब रफाह में जारी फिलीस्तीनी जनता के इजराइली जनसंहार का तीव्र विरोध किया और इसे तत्काल रोकने, शांति बहाल किए जाने की मांग करते हुए फिलस्तीन की जनता के साथ एकजुटता के इजहार के लिए देशभर में उठ रहे स्वरों की कड़ी में रायपुर में 2 जून की शाम आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष छात्र, नौजवान, महिला, ट्रेड यूनियन, लेखक, रंगकर्मी , पत्रकार, लेखक, प्रगतिशील नागरिक, माकपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर ऐप्सो के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, सीटू के राज्य सचिव धर्मराज महापात्र, सीजी एसपीयू के सचिव प्रदीप मिश्रा, माकपा जिला सचिव प्रदीप गभने, शिक्षक नेता राजेश अवस्थी, सीजेडआईईए के कोषाध्यक्ष संदीप सोनी, आरडीआईईयू के सहसचिव ऋषि मिश्रा, गजेंद्र पटेल, पेंशनर एसोसिएशन के टीके मिश्रा, अजय कन्नौजे, रंगकर्मी निसार अली ने एक स्वर से अमरीकी साम्राज्यवाद के समर्थन से जारी इस इजराइली अमानवीयता में मारे जा रहे निर्दोष बच्चे, महिला और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस युद्ध को तत्काल रोकने और भारत सरकार से इजरायल को हथियार की आपूर्ति तत्काल बंद करने कदम उठाने की मांग की है।

## 70 से 100 साल पुराने दस्तावेजों की प्रदर्शनी आज से

**रायपुर।** आजादी के पहले लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि एवं महात्मा गांधी के जन्मदिन पर स्थानीय अवकाश घोषित करने रायपुर नगरपालिका के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा संकल्प पारित कर उपायुक्त को पत्र लिखा गया था। ऐसे ही अनेक ऐतिहासिक दस्तावेज 3 जून से राजधानी की कला वीथिका में देखे जा सकते हैं।


संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह 3 से 9 जून तक मनाया जाएगा। इस दौरान महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सिविल लाइंस रायपुर स्थित कला वीथिका में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 70 से 100 साल पुराने ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी का निशुल्क अवलोकन 3 से 9 जून तक कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। इस 7 दिवसीय कार्यक्रम में 7 जून को विषय-विशेषज्ञों डॉ. ललाटेंदू महापात्र, डायरेक्टर सेंटर फॉर ज्यूडिशियल आर्काइव्स ओडिशा और जेके लूथरा, राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के व्याख्यान भी होंगे।

# गर्मी जा रही, नगर निगम की 15 वाटर एटीएम बनीं शो-पीस, बूंदभर नहीं मिला ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गर्मी का मौसम अंतिम चरण में है, इसके बावजूद नगर निगम की 15 वाटर एटीएम से लोगों को गला तर करने ठंडा पानी नसीब नहीं हुआ। एक हजार लीटर प्रतिघंटे की क्षमता वाली मशीनें काफी समय से बंद पड़ी हैं। इसकी मरम्मत और संचालन के लिए नगर निगम ने टेंडर कर एजेंसी भी तय कर दी, पर वर्कआर्डर नहीं होने से बंद पड़ी मशीनों को आज तक सुधारा नहीं जा सका। नतीजतन दर्जनभर से ज्यादा वाटर एटीएम केवल शो-पीस बनकर रह गई हैं।

राजधानी में अलग-अलग लोकेशन पर नगर निगम की योजना शाखा ने 5 साल पहले करोड़ों खर्च कर लोगों की प्यास बुझाने 15 वाटर एटीएम इंस्टाल कराईं। अनुबंधित एजेंसी ने मार्च 2021 तक इसका संचालन सुचारू रूप से किया। मार्च 2021 से वाटर एटीएम बंद पड़ी हैं। तब से लेकर आज तक इन मशीनों को सुधारा नहीं गया। नगर निगम की सामान्य सभा में वाटर एटीएम का मुद्दा विपक्ष सहित सत्तापक्ष के सदस्यों ने भी जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने शहर में बंद पड़ी वाटर एटीएम को दोबारा शुरू करने टेंडर किया। इसमें रायपुर की एजेंसी को काम मिला, पर वर्कआर्डर की प्रक्रिया में देरी के



चलते काम अटक गया। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद वर्कआर्डर जारी होगा।

### छह माह के लिए अनुबंध, 8200 रुपए मेंटेनेंस खर्च

नगर निगम अनुबंधित एजेंसी को एक वाटर एटीएम के लिए प्रतिमाह 8200 रुपए मेंटेनेंस और देखरेख के एवज में भुगतान करेगा, जिसमें जीएसटी की राशि भी शामिल है। शहर में इस तरह की 15 वाटर एटीएम स्थापित हैं, जिनकी मरम्मत और संचालन 6 माह तक संबंधित एजेंसी करेगी।

### जल्द करेंगे वर्कआर्डर

शहर में 15 अलग-अलग लोकेशन पर स्थापित वाटर एटीएम के संचालन व मरम्मत के लिए अनुबंधित एजेंसी को लोकसभा चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद वर्कआर्डर जारी होगा।

- **राजेश शर्मा**, अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### यहां लगी हैं वाटर एटीएम

- कचना बीएसयूपी साइट
- सड्डू बीएसयूपी साइट
- दलदल सिवनी बीएसयूपी साइट
- जिला अस्पताल पंडरी
- मोवा नहरपारा कापा
- शंकरनगर स्थित जोन-3 कार्यालय
- तेलीबांधा बीएसयूपी आवासीय परिसर
- एम्स हास्पिटल गेट नंबर-2
- डब्ल्यूआरएस कॉलोनी
- सरस्वती नगर थाना
- भाठागांव ढेबर सिटी बीएसयूपी साइट
- भाठागांव नत्थानी बीएसयूपी साइट
- वॉलफोर्ट बीएसयूपी साइट
- आंबेडकर अस्पताल मेन गेट

# टीबी के मरीजों को अब तक नहीं मिली दवा, अस्पतालों के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इलाज के दौरान टीबी के मरीजों को दी जाने वाली दवा की सप्लाई अभी तक सामान्य नहीं हो पाई है। मरीजों को इसके लिए अभी भी अस्पतालों के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मरीजों को पहले एक माह की दवा एक बार में मिल जाती थी, मगर अब इसके लिए तीन से चार बार अस्पताल तक जाना पड़ता है।

केंद्र सरकार की सप्लाई सामान्य नहीं होने की वजह से राज्य में टीबी के पंजीकृत मरीज दवाओं के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सरकारी अस्पतालों तक दवा निशुल्क दी जानी है, मगर यह व्यवस्था सामान्य नहीं होने की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि पहले मरीजों को एक बार में एक महीने की दवा दी जाती थी, मगर स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाक कम होने की वजह से उन्हें पर्याप्त दवा नहीं मिल पा रही है। राज्य में अभी टीबी के पंजीकृत मरीजों की संख्या 14 हजार से अधिक है।



- पहले महीनेभर की मिलती थी दवा, अब सप्ताहभर का कोटा मुश्किल

### नियमित रूप से दवा का सेवन करना होता है

इनकी उपचार अवधि छह माह की होती है यानी उन्हें छह माह तक नियमित रूप से दवा का सेवन करना होता है। ऐसा नहीं होने पर दवाईयों का असर नहीं होता। समस्या को देखते हुए राज्य स्तर के क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर खरीदी कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं, मगर आचार संहिता का हवाला देकर इस खरीदी से बचा जा रहा है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अजय शंकर कन्नौजे का कहना है कि दवा की आपूर्ति के लिए केंद्र स्तर पर प्रयास किया जा रहा है, आने वाले दिनों में परेशानी का समाधान होने की चर्चा है।

## कथा सुनने पहुंचे उप मुख्यमंत्री



**रायपुर।** अम्लेश्वर में श्री शिव महापुराण कथा सुनने रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उनका स्वागत युवा समाज सेवक बसंत अग्रवाल ने किया।

# मतगणना स्थलों पर तीन लेयर की सुरक्षा, केंद्रीय बल के साथ राज्य पुलिस के जवान होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा चुनाव परिणाम के लिए मतगणना मंगलवार को होगी। मतगणना को लेकर सभी जिलों के प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने भी अपने तरफ से तैयारी की है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, मतगणना स्थलों पर संवेदनशीलता के आधार पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मतगणना स्थल की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। प्रथम लेयर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके बाद दूसरे लेयर में मतगणना स्थल के बाहर जिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रथम तथा द्वितीय लेयर की सुरक्षा में भारतीय पुलिस सेवा के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों को लगाया जाएगा। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, रायपुर मतगणना स्थल पर चार से पांच सौ जवानों को सुरक्षा के लिहाज से मुस्तैद किया जाएगा। मतगणना स्थल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने आधा दर्जन से ज्यादा टीआई रैंक के पुलिस अफसर मौजूद रहेंगे। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने अतिरिक्त बल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं



- रायपुर मतगणना स्थल पर सीआरपीएफ के अलावा राज्य पुलिस के पांच सौ जवान
- अन्य जिलों के मतगणना स्थलों पर जरूरत के मुताबिक बल करेंगे तैनात

मतगणना कार्य में लगे पुलिस के साथ अन्य कर्मचारियों को लू से बचने नीबू पानी तथा ओआरएस का घोल दिया जाएगा। किसी भी तरह की स्वास्थ्यगत परेशानी से बचाने मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। साथ ही मतगणना स्थल के पास अस्थायी अस्पताल बनाया जाएगा।

### सीआरपीएफ जवान किए जाएंगे तैनात

कांकेर, बस्तर, राजनांदगांव एवं महासमुंद लोकसभा के कई मतगणना स्थल नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए मतगणना स्थल पर तीनों लेयर में सुरक्षा के लिहाज से सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही मतगणना स्थल के दो अन्य लेयर में छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इन क्षेत्रों में कितने जवान तैनात किए जाएंगे, इस संबंध में अफसर सुरक्षा का हवाला देते हुए जानकारी देने से बच रहे हैं।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 3 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





'मिस्टर एंड मिसेज माही' में दिखा ....

## लाइव इवेंट

# 108 जोड़ों ने 3.30 घंटे किया पद्मावती माता का महापूजन



**रायपुर।** राजधानी के विमलनाथ मंदिर परिसर हीरसूरि भवन में रविवार को मां पद्मावती देवी के महापूजन का आयोजन किया गया, जिसमें 108 जोड़ों ने उत्साह और उमंग के साथ सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक विधि-विधान से पूजन किया। विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट नाकोड़ा भैरव सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महेंद्र सागर महराज के शिष्य उपाध्याय प्रवर, मनीष सागर महराज के शिष्य मुनिराज विवेक सागर के सानिध्य में मनोज बाबूलाल हरण द्वारा महापूजन विधि-विधान से कराया गया। पूजन में बैठे श्रावक और श्राविका ने हर्ष, उमंग और उल्लास के साथ पूजन किया। तेज गर्मी की परवाह किए बिना श्रद्धालु पूजन में भाग लेने बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन भौमियाजी महराज का महापूजन किया गया। अनुष्ठान का यह कार्यक्रम मुनि भगवंतों के मार्गदर्शन में हुआ।

### कॅरियर विथ कैरेक्टर पर सेमिनार आज

महोत्सव के अवसर पर तीसरे दिन आयोजन स्थल पर 8.45 बजे विवेक सागर महराज का प्रवचन प्रारंभ होगा। प्रवचन के उपरांत बच्चों को कॅरियर के साथ कैरेक्टर किस तरह रखना चाहिए, इस संबंध में अमन जैन मार्गदर्शन देंगे। साथ ही ऐसे बच्चे, जो इंजीनियरिंग या मेडिकल की निशुल्क कोचिंग प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे रायपुर में किस प्रकार निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं, इसके संबंध में जानकारी ले सकेंगे। ट्रस्ट के अशोक लुंकड़ ने बताया कि इस प्रकार तैयारी करने वाले बच्चे और उनके माता-पिता इस सेमीनार में जरूर शामिल हों, ताकि इस अवसर का लाभ उठा सकें।

# गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों के लिए सामने आया समाज

# 8 लाख की डायलिसिस मशीन, 5 हजार दिव्यांगों को कृत्रिम पैर

## सिख, जैन और सिंधी समाज की अनूठी पहल, अन्य समाज भी करेंगे पहल

शहर में हर धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देने और निःशुल्क जांच की सुविधा देने प्रमुख समाज ने बीड़ा उठाया है। समाज की पहल से डायलिसिस, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन के साथ ऑक्सीजन सिलेंडर व एम्बुलेंस की सुविधा निःशुल्क मिल रही है, जिसका लाभ समाज के साथ आम लोगों को भी मिल रहा है।



**रायपुर।** सिंधी समाज, जैन, मरवाड़ी, अग्रवाल व गुजराती समेत अन्य समाज प्रदेश के शहरों व गांवों में स्वास्थ्य संबंधित मशीन खरीदकर लोगों की मदद कर रहे हैं। इस प्रयास से विभिन्न बीमारियों के गंभीर व महंगे इलाज आसानी से और निःशुल्क हो रहे हैं।

### शिविर लगाकर निशुल्क इलाज

लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने के लिए छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हर महीने स्वास्थ्य शिविर लगा रही है, जिसमें लोगों को इलाज के साथ दवा की निःशुल्क सुविधा मिल रही है। संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि 5 सालों से अधिक यह कार्य किया जा रहा है। गंभीर रोग के इलाज के लिए भी हम लोगों की मदद करते हैं। समाज से जुड़े डॉक्टर लोगों की इलाज में मदद करते हैं।

### पैर लगाने के बाद चलने-फिरने का अभ्यास

*जैन समाज से जुड़ी भगवान महावीर जन्मकल्याणक समिति जरूरतमंदों को कृत्रिम पैर दिलाने अभियान चलाया जा रहा है। हर साल 5 हजार से अधिक दिव्यांगों को जयपुर पैर निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष महेंद्र कोचर ने बताया कि जिन दिव्यांगों के पैर कटे हैं, उनके पैरों का माप लेकर जयपुर के कारीगर रायपुर में ही पैरों का निर्माण करते हैं। पैर लगाने के बाद उन्हें चलने, फिरने का अभ्यास कराया जाता है। कृत्रिम पैर से चलने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। विगत 5 सालों से अधिक यह कार्य जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, जिसका लाभ सभी धर्म के लोगों को मिल रहा है।*

### जांच व दवाइयों में भी रियायत

डायलिसिस कराना खर्चीली प्रक्रिया है। खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए इसे वहन कर पाना बहुत मुश्किल होता है। आर्थिक मजबूरी और इलाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत ने यह कदम उठाया है। शहर में कई समाज सेवाकार्य में अपना योगदान दे रहा है। इसमें सिंधी समाज भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहा है। वर्तमान में सिंधी समाज की ओर से 50 फुल साइज ऑक्सीजन सिलेंडर, 12 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बिजली से ऑक्सीजन बनाने वाली मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा 2 शव वाहन सहित शव को रखने 10 फ्रीजर भी खरीदे गए हैं, जो समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के लोगों को भी मुहैया कराए जाते हैं।





### कम कीमत पर दे रहे सुविधा, मरीजों की संख्या बढ़ी

सिंधी समाज ने 'सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय' को अपनाते हुए सालभर पहले एक पहल की थी। समाज की ओर से किडनी पीड़ितों को राहत पहुंचाने 8 लाख रुपए कीमती डायलिसिस मशीन खरीदी गई थी। समाज द्वारा यह आराध्य हॉस्पिटल में मशीन लगवाई गई है। इसके बाद से यहां किडनी पीड़ित लोग इस मशीन की सेवा ले रहे हैं। समाज के लोगों ने बताया कि किडनी पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ गई है। हर दिन 2 से 3 मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में एक मशीन से उन्हें सुविधा मिलने में थोड़ी परेशानी हो रही है। अब ऐसे में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत की संस्था सिंधू चेतना द्वारा एक और मशीन लगाने की तैयारी की जा रही है। पदाधिकारियों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि जल्द किडनी पीड़ित को एक और मशीन की सुविधा मिलेगी। सिंधु चेतना के पूर्व महामंत्री रूपचंद डोडवानी ने बताया कि इस मशीन की सुविधा सिंधी समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के लोगों के लिए रियायत दर पर उपलब्ध कराई जा रही है।

## सिटी इवेंट

# प्रकृति को प्रदूषित कर खराब कर रहे हैं अपना ही शरीर



रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय 'पर्यावरण संरक्षण और हमारा दायित्व' रहा। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार, अरूण पाण्डे, प्रधानमुख्य वन संरक्षक अनिल कुमार साहू मुख्य रुप से उपस्थित रहे। परिचर्चा के दौरान ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने अध्यक्षता की।



उन्होंने कहा, हमारा शरीर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश पांच तत्वों से मिलकर बना है। हम प्रकृति को प्रदूषित करके अपने ही शरीर को खराब कर रहे हैं। शुरुआत नन्हें बच्चों की नृत्य प्रस्तुति से हुई। इस दौरान बच्चे पारंपरिक परिधानों में नजर आए। अतिथियों ने वृक्षारोपण किया।



### बरसात में लगाएं पीपल के पेड़

कार्यक्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने कहा, वर्तमान समय में प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि प्रत्येक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। पर्यावरण को सरंक्षित और सवंर्धित करने के लिए खाली जगह पर पेड़ लगाना आवश्यक है। अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। अरूण कुमार पाण्डे ने कहा, कार्बन के उत्सर्जन को कम करना हमारे हाथ में नहीं है। लेकिन हम पेड़ लगाकर उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। आगामी बरसात के समय हरेक व्यक्ति कम से कम एक पीपल का पेड़ लगाए। पीपल ऐसा अनोखा पेड़ है, जो रात में भी ऑक्सीजन प्रदान करता है।

# जिम में रैंपवॉक, दक्षिण की साड़ियों पर रोचक प्रयोग







*रायपुर। स्पेस इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन ने बहुत ही अनूठे अंदाज में अपने फैशन शो रनवे-2024 का आयोजन किया। रायपुर के फैशन इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब किसी जिम या फिटनेस सेंटर में फैशन शो रखा गया। करंसी टॉवर के साईकस फिटनेस सेंटर में यह आयोजन हुआ। फैशन डिजाइनिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न राउंड में फैशन शो आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर रोजगार अधिकारी केदार पटेल, पॉलीटेनिक कॉलेज की डॉ. ममता चण्डक सहित संस्थान सदस्य उपस्थित रहे।*

### विंटेज और एनिमल थीम भी रहे खास

लिटिल प्रिंसेस राउंड में 7 साल की छोटी बच्चियों के पार्टी वियर ड्रेस का प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरे राउंड में दक्षिण की ट्रेडिशनल पट्टू साड़ी में अलग-अलग प्रिंटिंग करते हुए प्रयोग किया गया। तीसरे राउंड में पैच वर्क की थीम पर लड़कों के शर्टस और लड़कियों के पेंट सूट में मॉडल्स ने नाचते गाते हुए वॉक किया। चौथे राउंड में विंटेज थीम पर क्लासिक ड्रेस के साथ प्रदर्शन किया। पांचवें राउंड में अर्बन जंगल थीम पर एनिमल प्रिंट्स फैब्रिक में मॉडल्स ने वॉक किया।

# बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन सिख समाज ने किया पुरस्कृत



*रायपुर। शाहिद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की ओर से लगाए गए गुरमत कैंप के समापन में समाज के बच्चे पुरस्कृत हुए। समापन में कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को इनाम वितरण किया गया। समाज के प्रतिभाशाली बच्चे जिन्होंने सीबीएसई की 12वीं कक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप किया, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सरदार साहब सिंह होरा को शाहिद भाई तारु सिंह अवॉर्ड दिया गया। वहीं राम सिंह को सीबीएसई के कॉमर्स में 93 प्रतिशत अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। बच्चे पढ़ाई के लिए प्रेरित हों और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करें, इसलिए उनके लिए इस विशेष सम्मान की व्यवस्था की गई थी। समापन समारोह में धर्म प्रचार कमेटी एसजीपीसी से गुरमीत सिंह सैनी, गुरुद्वारा पृथक कमेटी से जस भाटिया गुरबख्श सिंह, साहनी सनी अरोरा, कोलंबिया इंस्टिट्यूट से हरजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कमेटी सदस्यों द्वारा बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने तथा सीखी गई विधाओं का दैनिक जीवन में उपयोग करने प्रेरित किया गया।*

## अमलेश्वर में शिवमहापुराण सुनने अंतिम दिन भी उमड़ी भीड़

# धन-संपदा खत्म हो जाएगी, कभी न खत्म होने वाली पुण्य रुपी पूंजी कमाएं, श्रेष्ठ करने की प्रेरणा दूसरों से नहीं बल्कि स्त्री से

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** भोलेनाथ सहजता को आसानी से स्वीकार करते हैं। उनको प्रसन्न करने के लिए घंटों मंदिर में बैठने, आराधना करने, कैलाश पर्वत पर डेरा जमाने की जरुरत भी नहीं है। क्षणभर भी शिव को याद कर लिया, तो किसी न किसी रूप में मदद के लिए दौड़े चले आते हैं। शिव महापुराण की कथा कहती है, बच्चों के लिए जितना धन-सम्पदा अर्जित करना है, करो। इसमें कोई मनाही नहीं, लेकिन जब इस दुनिया से जाओ, तो कुछ पुण्य छोड़कर जाना है। धन-सम्पदा खत्म हो सकती है, लेकिन पुण्य रूपी पूंजी खत्म नहीं होती। हटकेश्वर नाथ की पुण्य धरा अमलेश्वर में शिव महापुराण हुआ है, तो यह मान लेना चाहिए कि यह कथा शिव के आशीर्वाद और पूर्वजों के पुण्य से संभव हो सकी है। यह बात रविवार को कथा के अंतिम दिन कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा ने कही।



### गरुड़ पुराण में स्वर्ग-नरक का वर्णन

श्रेष्ठ करने की प्रेरणा कोई दूसरा नहीं बल्कि स्त्री देती है। इसलिए वह पत्नी नहीं धर्मपत्नी है। पत्नी ही पति को धर्म के रास्ते पर ले जाती है। पति के मुख से एक न एक बार जरुर झूठ निकलता है। लेकिन पत्नी उस झूठ के सहारे निकले पाप को टालने का प्रयास करती है। आप सभी अपने पतियों को यह प्रेरणा दें कि झूठ बोलें लेकिन एक रुपए निकालकर किसी जरुरतमंद को दान दें। इससे भी उनसे सत्कर्म होगा। गरुड़ पुराण में वर्णन मिलता है कि स्वर्ग व नरक कैसे तय होता है।



### प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

अंतिम दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्य देवी और डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी कथा सुनने पहुंचे। मुख्य अतिथियों ने पं. प्रदीप मिश्रा से प्रदेश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। वहीं लोगों द्वारा दिए जा रहे दान का लेखा-जोखा कथा में रखते हुए महाराज ने कहा कि विठलेश सेवा समिति आप लोगों द्वारा दिए गए दान के एक-एक पैसे को पुण्य कार्य में लगाते हैं। गौ सेवा, निः शुल्क शिक्षा व वृद्धाश्रम सहित कई पुण्य कार्य किए जाते हैं।

### 21 दिन तक छोड़ दें मदिरा

बच्चों को पहली प्रेरणा पिता से मिलती है। आप स्वयं अच्छा काम करते रहिए। श्रोताओं से कहा कि अगर शराब, तंबाखू का सेवन करते हैं, तो इसका बुरा असर बच्चे पर पड़ेगा। आज कथा सुनने के बाद जब घर जाएं, तो नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेकर जाएं। 21 दिन तक मदिरा छोड़कर देखें, जिंदगी संवर जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने का आह्वान किया है।

## इवेंट लाइव

# कमी पहचानकर सुधार करते जाएं, लक्ष्य के लिए एकाग्र रहें



**रायपुर।** जब मैंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की, तब प्लानिंग के तहत किसी काम को पूरा करने के बारे में नहीं सोचती थी। यह सफलता सिर्फ मेरे प्रयासों से नहीं मिली बल्कि इसमें परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग है। पिताजी-चाचाजी द्वारा पिछले पांच साल किए गए तप का प्रतिफल मेरी सफलता है। मैंने अपनी कमी को पहचानकर उसमें सुधार किया। इससे लक्ष्य प्राप्त करना आसान होता गया। यह बात रविवार को सुबह 8 से 11 बजे के बीच सिविल लाइन स्थित युवा संस्था के हॉल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के बीच 2023 में यूपीएससी परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित आईएएस नेहा ब्याडवाल ने कही।

### अच्छी आदतें विकसित करें

संस्था के संस्थापक एम.राजीव ने निःशुल्क कोचिंग लेने वाले युवाओं के बारे में जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता नेहा ने बताया, मैंने हमेशा अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास किया। जब आप इस आदत को पालते हो, तो कमी भी दूर होती है। बचपन में अंग्रेजी भाषा को बोलने में कठिनाई होती थी, जिसे मैंने चुनौती के रूप में लेते हुए इंग्लिश में धारा प्रवाह बोलने की महारत हासिल की। कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं होती थी। इसमें भाग लेने से विषय से जुड़े कंटेंट जुटाने की आदत पड़ी। कार्यक्रमों का संचालन करते हुए मैंने कम्यूनिकेशन स्किल को बढ़ाया। इसका फायदा मुझे यूपीएससी में इंटरव्यू के दौरान मिला। छात्रों को लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित होने के लिए प्रेरित किया।

## सोशल इवेंट

# पर्यावरण रक्षा में जुटे सैनिक आमजनों को सेवार्थ दी प्रेरणा



**रायपुर।** भारतीय सेना के मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को नया रायपुर स्थित सेंध झील में विशेष आयोजन हुए। रायपुर के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी, स्थानीय लोग, पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक इस महोत्सव के आयोजन के साक्षी बने। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रम जैसे सेंध झील के आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, पदयात्रा, संगीतमय प्रस्तुति, जुम्बा जैसे आयोजन हुए। पूर्व सैनिकों तथा सेवारत सैनिकों द्वारा आम जनता के साथ सेना के अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा भरपूर सहयोग किया गया तथा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न मुद्दे जैसे ग्लोबल वार्मिंग, मरूस्थलीयकरण, भूमि बहाली, सूखापन, जल संचयन और वृक्षारोपण पर जागरूकता फैलाई गई।

### वाद्ययंत्रों में थिरके कदम

इस आयोजन को सफल बनाने में एनआरडीए, जिला एवं ट्रैफिक पुलिस, वन विभाग और रायपुर नगर निगम द्वारा सहयोग दिया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि एम्स निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने जनता के सामने विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रकाश डाला तथा सभी से पर्यावरण को बचाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही लता मंगेशकर फैन क्लब द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियों द्वारा उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया गया। लता मंगेशकर फैंस क्लब के कलाकारों ने वाद्य यंत्रों से देशभक्ति के गीतों से मंच से समां बांध दिया और आए हुए पर्यावरण योद्धा थिरखने पर मजबूर हो गए।

## सिटी इवेंट

# बॉलीवुड के सदाबहार गीतों को गुनगुनाया नवोदित गायकों ने



**रायपुर।** धुन फाउंडेशन द्वारा रविवार को एक विशेष संगीत कार्यक्रम 'प्यार करने वाले कभी डरते नहीं' मयाराम सुरजन हॉल में आयोजित किया गया। इसमें बॉलीवुड के सभी महान गायक एवं गायिकाओं की प्रस्तुतियों के साथ धुन टीम के सभी गायकों ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। सभी श्रोताओं ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। धुन फाउंडेशन के डायरेक्टर अजय अडवानी ने बताया, हमेशा की तरह अनुशासन के साथ नए कलाकारों को मंच दिया गया। इस बार सारे परिपक्व गायक एवं गायिकाओं ने बेहतर अंदाज में समां बांधा। मंच संचालन अपने निराले एवं नए अंदाज में वरिष्ठ उद्घोषक दीपक हटवार एवं ऋतु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अपने निराले अंदाज में श्रोताओं के बीच समां बांध दिया।

### रोमांटिक गीतों की रही अधिकता

जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियां दी उनमे प्रमख रूप से अजय अडवानी, बाबूलाल प्रजापति, जगदीश दुबे, दीपक हटवार, राजेश सिंह, आकाश लालवानी, पप्पू दुल्हानी, ऋतु श्रीवास्तव और मीतू लहरे शामिल रहे। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान हॉल श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। श्रोतागण द्वारा कार्यक्रम को खूब सराहा गया। श्रोताओं ने कार्यक्रम का देर रात तक जमकर आनंद उठाया। उक्त कार्यक्रम श्रोताओं के लिए निशुल्क था। ऐ जिंदगी गले लगा ले.., सुहाना सफर.., लागी छूटे ना.., झिलमिल सितारों सा... सहित कई गीतों की प्रस्तुति नवोदित गायकों ने दी।

---

**हरिभूमि-आईएनएच** के मूवी मेनिया का समापन, दर्शकों ने कहा-अगले साल फिर रहेगा इंतजार

# 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में दिखा शादी के बाद सपनों को पूरा करने का संघर्ष, भावुक हुए दर्शक

*जीवन में संघर्ष तब तक खत्म नहीं होता, जब तक व्यक्ति खुद से हार न मान जाए। सपनों को पूरा करने लड़ाई में वही सफल होता है, जो अंतिम समय तक डटा रहता है। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सुधि पाठकों और दर्शकों ने मॉर्निंग मूवी मेनिया के चौथे और अंतिम सप्ताह फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में इसी तरह का संघर्ष देखा।*



रायपुर। क्रिकेट पर आधारित इस फिल्म को देखने बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं और महिलाओं सहित बुजुर्ग हाथों में टिकट लिए कलर्स मॉल पहुंचे हुए थे। अंतिम सप्ताह होने से सभी वर्ग में उत्साह देखने को मिला। मूवी मेनिया के जरिए चार सप्ताह में पाठकों ने हॉलीवुड और बॉलीवुड की चर्चित फिल्मों का आनंद लिया। रविवार को मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव के अभिनय ने दर्शकों को प्रभावित किया। फिल्म में शादी और पेशेवर क्रिकेट कॅरियर को आगे बढ़ाने की चुनौतियां देखने को मिली।





### मूवी मेनिया के प्रत्येक शो रहे हाउसफुल

चार सप्ताह चले मॉर्निंग मूवी मेनिया कार्यक्रम में प्रत्येक शो दर्शकों से हाउसफुल रहा। लोगों ने इस दौरान खूब एन्जॉय किया। फिल्म देखकर बाहर निकलने दर्शकों ने कहा कि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहा है। लोगों तक सबसे तेज और निष्पक्ष खबर पहुंचाने के साथ-साथ अपने पाठकों और दर्शकों के लिए मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि पूरा परिवार एक साथ मिलकर समय बिता सके। बच्चों को खासकर इस आयोजन का इंतजार रहता है।

*फिल्म से दिन की शुरुआतः रविवार को युवा दोस्तों के साथ तो वहीं नौकरीपेशा व्यक्ति परिवार के साथ मूवी मेनिया में फिल्म देखने पहुंचे रहे। लोगों ने बताया कि अपने दिन की शुरुआत हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के मॉर्निंग मूवी मेनिया कार्यक्रम से की और सफल आयोजन के लिए तहेदिल से धन्यवाद भी कहा। इसके अलावा कहा कि अगले साल फिर से कार्यक्रम का इंतजार रहेगा। 300 से अधिक पाठकों ने छुट्टी के दिन कार्यक्रम के जरिए अपनों के साथ अच्छा समय बिताया।*



### बुजुर्ग व दिव्यांगों में भी फिल्म का उत्साह

मॉर्निंग मूवी मेनिया के अंतिम दिन टीम हरिभूमि ने दर्शकों से बातचीत की। कई दर्शक हमें मिले जो चारों सप्ताह दोस्तों के साथ फिल्म देखने पहुंचे। इसके अलावा कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ फिल्म देखने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि लगातार कई सप्ताह आयोजन के जरिए फिल्म देखने का अवसर मिला। छुट्टी का दिन होने से परिवार के साथ अच्छा समय बीता। बुजुर्ग व दिव्यांग भी फिल्म के लिए उत्साहित नजर आए।

### इनका रहा विशेष सहयोग

मुख्य अतिथि के रूप में एएन ऑटोमोबाइल के संचालक अनुराग सेन और साहू न्यूज एजेंसी के प्रेम साहू उपस्थित रहे। मूवी मेनिया को सफल बनाने इस बार श्री नारायणा हॉस्पिटल, कलिंगा यूनिवर्सिटी, नारायणा हेल्थ एमएमआई, सिंघानिया, बिल्डकॉन, मैजिक पेंट, सरोवर पोर्टिको, ब्लू लाइन, हर्षित सिंघानिया बिल्डकॉन, जे-70, रालास मोटर्स, राम श्याम ग्लास, श्री स्वास्तिक ग्रुप, एएन ऑटोमोबाइल, घर फर्नीचर, भसीन मोटर्स, मोर हॉस्पिटल, न्यूज प्लस 21, हीरा बेकरी का विशेष सहायोग रहा। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज प्रबंधन टीम ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। इनमें महाप्रबंधक अनिल गहलावत, एजीएम निलेश द्विवेदी, मार्केटिंग मैनेजर संजय बनवासी,असिस्टेंट मैनेजर आनंद मिश्रा, चंद्रकांत श्रीवास समीर चौधरी,मूलचंद कश्यप, सिटी सर्कुलेशन हेड आशीष दास महंत, सुमित महोबिया, तोरण लाल साहू समेत हरिभूमि की पूरी टीम शामिल है।

---

# मिस एंड मिस्टर जैस्मिन बने सुहानी और कृष्णा

## जेसीआई के नेशनल ट्रेनिंग का समापन





**रायपुर।** जेसीआई इंडिया के तीन दिवसीय ट्रेनिंग का समापन रविवार को हुआ। ट्रेनिंग के दौरान देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से बच्चे शामिल हुए। जैस्मिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पास्ट नेशनल वाइस प्रेसिडेंट राजेश सराफ और जोन मंडल अध्यक्ष अमन शुक्ला को आमंत्रित किया गया। समापन अवसर पर पुस्तक वितरण, गेम्स, मोटिवेशनल स्पीच और मनोरंजक कार्यक्रम देखने को मिले। साथ ही मिस एंड मिस्टर जैस्मिन का खिताब भी बच्चों को दिया गया।

### मनुष्य जीवन व उसके महत्व की समझ

*मिस्टर जैस्मिन कृष्णा गौतम भट्ट ने बताया, मैं कक्षा 10वीं का छात्र हूं और मेरी उर्म 15 वर्ष है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में दी गई शिक्षा आने वाले भविष्य में काम आएगी। मनुष्य जीवन और उसके महत्व, पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी दी गई। साथ ही इमोशनल मैनेजमेंट के बताया गया, जिसमें विभिन्न स्थिति के अनुसार स्वभाव में परिवर्तन की जानकारी दी गई। मिस जैस्मिन सुहानी अग्रवाल ने कहा, वक्ताओं द्वारा कहे गए 'जब तक आप खुद काम नहीं करोगे, तब तक कुछ हासिल नहीं होगा' यह शब्द मेरे लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियमित तैयारी के विषय में बताया गया। साथ ही कई एक्टिविटी में शामिल होने का अवसर मिला।*



### एक्टिविटी के आधार पर चयन

*मिस एंड मिस्टर जैस्मिन का चयन तीन दिनों की एक्टिविटी के अधार पर किया गया, जिसमें शहर से सुहानी अग्रवाल और नागपुर से कृष्णा गौतम भट्ट को चुना गया। वहीं फर्स्ट रनरअप निलय और निहाल को चुना गया। सेकंड रनरअप आरव और माही रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि एवं जेसीआई के मुख्य सदस्यों ने बच्चों के उत्तम भविष्य की शुभकामनाएं दी।*



# पशुओं की याद में जलाई मोमबत्ती, दुनियाभर के 150 शहरों में एक साथ दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस पर जानवरों के सम्मान में वीगंस ऑफ छत्तीसगढ़ और अवर प्लैनेट देयर्स टू द्वारा इंसानी हाथों से मारे गए पशुओं की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। दुनियाभर के 150 से अधिक प्रमुख शहरों में यह कार्यक्रम एक साथ आयोजित हुआ। इस श्रद्धांजलि में स्थानीय पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने अपने मृतक पशुओं को याद किया। जानवरों के प्रति क्रूर व्यवहार और हर साल इंसानों द्वारा दुनिया भर में भोजन, खाल, प्रयोगशाला परीक्षण और मनोरंजन के लिए मारे जाने वाले अरबों जानवरों की पीड़ा, भय और दर्द को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाया। मानव दुर्व्यवहार और शोषण के परिणामस्वरूप मरने वाले अरबों जानवरों की तस्वीरों को फूलों से सजाकर मोमबत्तियां जलाई गई। मुर्गियां, भैंस, बकरी, मछली सहित कई अन्य जीवों को कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

*राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस पर जानवरों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम*

### हर साल 92. 2 बिलियन पशुओं की हत्या

वीगंस ऑफ छग की डॉ.किरण आहूजा ने बताया, यह परेशान करने वाली बात है कि हर साल सिर्फ 8 बिलियन इंसानों के भोजन मात्र के लिए 92. 2 बिलियन पशुओं को मारा जाता है। अनंदिता दत्ता कहती हैं, सभी जीव आपकी और मेरी तरह पीड़ा से मुक्त रहना चाहते हैं और इंसानो को अब पशुओं को छोड़ देना चाहिए। उन्हें एक क्रूरतामुक्त जीवनशैली अपनानी चाहिए। वीगन जीवनशैली अपनाने वाला हर व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 200 जानवरों को अत्यधिक पीड़ा और भयानक मृत्यु से बचाता है।

### मुर्गियों का बताया दर्द

कार्यक्रम के जरिए बताया गया कि फॉर्मों पर मुर्गियों को हजारों की संख्या में भीड़-भाड़ वाले शेड में पैक किया जाता है, जहां उन्हें जमा कचरे के बीच अमोनिया की दुर्गंध में जबरन खड़ा होने के लिए बाध्य किया जाता है। उन्हें हर उस चीज से वंचित कर दिया जाता है, जो उनके लिए प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

---

देश के कई शहरों में सामने आई है एसी फटने और आग लगने की घटनाएं

# ओवरहीटिंग रोकने के लिए एसी यूनिट के चारों ओर हो वेंटिलेशन एसी पर अधिक धूप पड़े तो करें छांव व नियमित ब्रेक की व्यवस्था

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** देश के विभिन्न क्षेत्रों में गर्मी बढ़ती जा रही है। लोग ठंडक पाने के लिए एयर कंडिशनर, कूलर और पंखे पर निर्भर हैं। इसका उपयोग जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा, वैसे ही एयर कंडिशनर में खराबी की समस्या देखने को मिल रही है। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए एयर कंडिशनर की सुरक्षा और रख रखाव पर ध्यान देना जरुरी है। जिससे किसी भी प्रकार घटना से आप बच सकते हैं। नोयडा के कई घरों में एसी में ब्लास्ट की खबरें सामने आई हैं। इसके कारण वहां कई घरों में आग लग गए। भीषण गर्मी के चलते यह समस्या देखने को मिल रही है। समान्य से अधिक गर्मी होने पर यह समस्या हो रही है। कई स्थानों से सामने आई एसी विस्फोट की घटनाओं की वजह से लोगों में तनाव बना हुआ है। दुकान संचालकों के अनुसार, एसी विस्फोट की मुख्य वजह एसी के रख-रखाव में कमी है। तकनीकी विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत में अमूमन एसी के कंडेंसर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक होता है। जब एम्बिएंस का तापमान कन्डेंसर के तापमान से अधिक हो जाता है तब एसी काम करना बंद कर देता है। इन हालात में एसी के कंडेंसर पर प्रेशर बढ़ जाता है। इस वजह से कन्डेंसर के फटने की आशंका बढ़ जाती है।





नोएडा की एक सोसायटी में एसी में लगी आग के बाद की तस्वीर। सोशल साइट्स पर भी इसके वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### एसी चालू तो बंद रखें खिड़की-दरवाजे

टिकरापारा स्थित एक दुकान के संचालक विजय कुमार ने बताया, जब कमरे में एसी चालू करें तो दरवाजा और खिड़की बंद करके रखें। इससे कमरे का वातावरण संतुलित रहेगा। कोशिश करें कि आपकी बालकनी में एसी ना लगा हो। इसे छत पर लगाना अधिक बेहतर विकल्प है। निरमित रुप से एसी की सर्विसिंग कराते रहें। इसमें रेफ्रिजरेंट लीक की जांच, इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेन्ट की जांच और फिल्टर की साफ-सफाई शामिल है।

### टाइमर का करें प्रयोग

पंडरी रोड स्थित एक दुकान के संचालक सुबोध जैन ने बताया, एयर कंडिशनर को प्रत्येक तीन माह में सर्विसिंग की आवश्यकता होती है। इसमें एसी के यूनिट को नियमित ब्रेक देना जरुरी होता है। रात में एसी बंद करने के लिए टाइमर का उपयोग कर सकते हैं। लगातार चलाने से मशीन पर जोर पढ़ सकता है, जिससे ब्लास्ट की समस्या निर्मित हो सकती है।

### आउटडोर यूनिट को धूप से बचाएं

मोती नगर स्थित दुकान संचालक अरविंद दुबे ने बताया, अधिक गर्मी होने पर आउटडोर यूनिट के ऊपर छांव की व्यवस्था कर सकते हैं। ओवरहीटिंग रोकने के लिए एसी यूनिट के चारों ओर अच्छा वेंटिलेशन होना जरुरी है। लगातार उपयोग के बाद 15 से 20 मिनट का ब्रेक जरुरी है, जिससे ओवरहीट की समस्या ना बने।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय म्यू थाई में छत्तीसगढ़ को छह स्वर्ण और 4 रजत



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत में मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वाधान में ऑल असम एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप एवं प्रो नाईट फाइट का आयोजन 25 से 30 मई तक लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन गुवाहाटी असम में किया गया। इस मेगा इवेन्ट में भारत वर्ष के 29 राज्यों की टीम के लगभग 850 से अधिक खिलाड़ियों/अधिकारियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल 08-09, 09-10, 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 & +23 वर्ष के अलग अलग वजन समूह में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के कुल 30 म्यू थाई खिलाड़ियों (17 बालक, 13 बालिकायें) वाले दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 06 स्वर्ण, 04 रजत, 12 कांस्य और 04 सांत्वना कॉस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीते और अच्छे प्रदर्शन के बावजूद 04 खिलाड़ी पदक जीतने में नाकामयाब रहे जो क्वार्टर फाइनल तक ही पहुँच सके। चैंपियनशिप के अन्तिम दिन देर रात तक मुकाबला चलने के दौरान खिलाड़ियों के आपसी विवाद में पुलिस प्रशासन द्वारा चैंपियनशिप को स्थगित करवाया गया जिसके कारण प्रो फाइट रद्द हुई और कई इवेन्ट अधूरे रह गए। जिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन अच्छे थे या आयोजन रद्द होने के कारण पूरे नही हो पाए उन्हें सांत्वना पुरस्कार के रूप में कॉस्य पदक प्रदान किया गया। शेष अधूरे इवेन्ट के बारे में फेडरेशन द्वारा बाद में निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बस्तर के 11 खिलाड़ियों में से 03 खिलाड़ियों ने रजत और 06 खिलाड़ियों ने कॉस्य पदक जीते और 02 खिलाड़ी पदक विहीन रहे। रायपुर के 16 खिलाडियों में से 05 खिलाड़ियों ने स्वर्ण और 06 खिलाड़ियों ने कॉस्य पदक जीते और 04 खिलाड़ियों ने सांत्वना पुरस्कार (कॉस्य पदक) जीता और और मात्र 01 खिलाड़ी पदक विहीन रहा। बालोद के 03 खिलाड़ियों में से 01 खिलाड़ी ने स्वर्ण, 01 ने रजत पदक जीता और 01 खिलाड़ी पदक विहीन रहा। स्वर्ण पदक विजेताओं में घृतेश साहू (रायपुर), समिधा अग्रवाल (रायपुर), दिव्या अग्रवाल (रायपुर), तोशी पाण्डेय (रायपुर), वाणी (बालोद) और राजकुमार (रायपुर) शामिल हैं। वहीं रजत पदक विजेताओं में एलेक्स कुमार (बस्तर), सुरभि यादव (बस्तर), युवराज सिंह (बस्तर) और शुभम कुमार निषाद (बालोद) तथा कॉस्य पदक विजेताओं में मंजू साहू (रायपुर), विवान बाजपेई (बस्तर), अन्वी जैन (बस्तर), पुष्कल जैन (बस्तर), सानिका मिश्रा (बस्तर), शौर्य वर्धन सिंह (बस्तर), मानसी तांडी (रायपुर), रिया जंघेल (रायपुर), सुभांष मानिकपुरी (रायपुर), पल्लवी साहू (रायपुर), सोनाली कुशवाहा (बस्तर), प्रवीण कृष्णा जायसवाल (रायपुर) और सांत्वना पुरस्कार (कॉस्य पदक) में टिकेश्वरी साहू (रायपुर), अर्चित केशरवानी (रायपुर), आर्यन पटेल (रायपुर) और जय कुमार (रायपुर) शामिल हैं। दल में राज्य म्यू थाई संघ के अधिकारी के रूप में अनीस मेमन और अमन यादव (दोनो रायपुर) ने आम सभा में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। कोच मैनेजर का दायित्व प्रणिता मेश्राम (रायपुर), अब्दुल मोईन, पुष्पांजलि नाग और राजेन्द्र सिंह राजपूत (तीनो बस्तर) ने निभाया।

### अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट के फाइनल में पहुंचा रायपुर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा जारी अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर और प्लेट कंबाइंड के बीच सेमी फाइनल मुकाबला भिलाई में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतते हुए पहले फील्डिंग का फैसला किया। प्लेट कंबाइंड ने 63.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 226 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड से विवेक ने 79 रनो की पारी खेली। रायपुर के गेंदबाज मीत कुकरेजा ने 5 विकेट झटके। रायपुर ने पहली पारी में खेलते हुए 120.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 408 रन बनाये। रायपुर की तरफ से वेदांश खेड़िया ने शानदार 121 रन और यथार्थ सिंह ने 112 रनो का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की तरफ से आयुष द्विवेदी ने 5 विकेट झटके। प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी में खेलते हुए 48 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 160 रन बना सके। रायपुर के गेंदबाज मीत ने 3 विकेट हासिल किये। रायपुर ने 22 रन और एक पारी के आधार पर मैच को जीतते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया।

बुजुर्गों के साथ अब नौजवानों को भी एहतियात बरतना जरूरी

# बढ़ती गर्मी कहीं दिल के लिए न बढ़ा दे दिक्कत जानिए इसके जोखिम और बचाव के तरीके

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों को गर्मी से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहना जरूरी है। उच्च तापमान के अधिक संपर्क में रहने के कारण हीट स्ट्रोक का तो खतरा रहता ही है साथ ही इससे कई अंगों को भी क्षति हो सकती है।

बढ़ता तापमान उन लोगों के लिए भी दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है जो पहले से हृदय रोगों के शिकार रहे हैं। इतना ही नहीं गर्म वातावरण में अधिक समय बिताने से हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं।

उच्च तापमान का असर ब्लड प्रेशर पर भी पड़ता है। इसके अलावा गर्मियों में होने वाली डिहाइड्रेशन की समस्या भी हृदय पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाने वाली हो सकती है। विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी के दिनों में हृदय स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। आइए जानते हैं कि उच्च तापमान का हृदय स्वास्थ्य पर किस तरह से असर होता है और जोखिमों से बचे रहने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?



### अधिक तापमान के कारण होने वाली समस्याएं

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नितिन सेहरावत बताते हैं, तापमान में वृद्धि का संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है। हृदय की सेहत पर ये अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। इन दिनों में हृदय की सेहत पर विशेष ध्यान देते रहना जरूरी है। गर्मी बढ़ने के साथ अस्पतालों में दिल के धड़कन की अनियमित, ब्लड प्रेशर और दिल का दौरा पड़ने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित मौतों के लगभग एक चौथाई मामले हृदय रोगों के कारण होते हैं।

### ऐसे लोग बरतें विशेष सावधानी

डॉ नितिन बताते हैं, कुछ आयु वर्ग और स्वास्थ्य समस्या वाले लोग गर्मी से संबंधित जटिलताओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। बुजुर्गों में इसकी जटिलताओं के मामले अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। ऐसे लोगों को अत्यधिक पसीना आने, कमजोरी, चक्कर आने, मतली और उल्टी जैसे लक्षणों को लेकर विशेषतौर पर सतर्कता बरतते रहने की आवश्यकता है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करते हैं, कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले उपाय करें, दिनभर खूब पानी पीते रहें और सबसे जरूरी बात तेज धूप के संपर्क में आने से बचें।

### हृदय को स्वस्थ रखने के लिए करें ये उपाय

गर्मी के मौसम में अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप कुछ जरूरी प्रयास कर सकते हैं। दिन भर में खूब सारा तरल पदार्थ पिएं, भले ही आपको प्यास न लगे। तेज धूप (आमतौर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक) के दौरान जोरदार व्यायाम करने या घरों से बाहर जाने से बचें। मौसम के हिसाब से कपड़े पहनें। सूती और ढीले-ढाले कपड़े आपको गर्मी से बचाते हैं। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन करते रहना जरूरी है।





## खाना खाने के बाद भी बार-बार लगती है भूख, तो जानिए कारण और उपाय

डाइटिंग के दौरान लोग खाने-पीने से काफी दूर रहना पसंद करते हैं। वो अपने किसी खास गोल जैसेःवजन कम करने,वजन बढ़ाने, पैक एब्स बनाने आदि के लिए या तो बहुत कम खाते हैं या फिर खाना ही छोड़ देते हैं।

डाइटिंग करने का ये तरीका काफी गलत होता है क्योंकि वे डाइट नहीं करते, बल्कि डाइटिंग के नाम पर खुद को टॉर्चर करते हैं। डाइटिंग करने का सही तरीका क्या है ये जानने के लिए आप इस लिंक पर क्लिक कर सकते हैं। किसी भी गोल को अचीव करने के लिए खाना छोड़ने की जरूरत नहीं होती बल्कि जरूरत होती है सही तरह से खाने की। व्यक्ति को दिन में 3-4 मील लेने की सलाह दी जाती है। किसी की फिटनेस और एक्टिविटी लेवल के मुताबिक मील्स की संख्या घट या बढ़ भी सकती है। आप यह भी कह सकते हैं कि हर 2 से 5 घंटे के बीच कुछ न कुछ खाना होता है, ताकि मेटाबॉलिज्म सही रहे।

**बेहतर नींद लेने की जरूरत :** घंटों जागने के लिए पर्याप्त नींद की जरूरत होती है। यदि कोई व्यक्ति पर्याप्त नींद नहीं लेता तो उसका दिन आलस और सुस्ती से भरा हुआ निकलता है। भरपूर नींद नहीं लेने से आपकी भूख का स्तर भी प्रभावित हो सकता है।

दरअसल रजब कोई पर्याप्त नींद नहीं लेता तो अधूरी नींद भूख हार्मोन, घ्रेलिन को बढ़ा देती है। इससे भूख बढ़ जाती है और नॉर्मल मील जल्दी डाइजेस्ट हो जाता है और आपको बार-बार भूख लगने लगती है।

शिकागो यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक जिन लोगों ने पर्याप्त नींद नहीं ली थी और जिन्होंने 2 घंटे पहले खाना खाया था वे कैंडी, चिप्स, कुकीज का सेवन करने से अपने आप को नहीं रोक पाए थे। उपायः कम से कम 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। इससे आपकी भूख भी कम होगी और अन्य फायदे भी होंगे। गहरी नींद लेने के लिए कौन से तरीके




काम आ सकते हैं इस बारे में जानने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें।

**पर्याप्त पानी नहीं पी रहे:** भूख और प्यास का गहरा संबंध है। कई लोग ऐसे होते हैं जो काफी कम पानी पीते हैं और इस कारण उन्हें अधिक भूख लगती रहती है। यदि कोई पर्याप्त रूप से हाइड्रेट नहीं रहेगा तो भूख लगना आम बात है। रोजाना दिन भर में कितना पानी पीना चाहिए इस बारे में जानने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें। यदि आप ज्यादा मात्रा में कॉफी पीते हैं तो यह भी आपके लिए गलत हो सकता है। कैफीन एक मूत्रवर्धक ड्रिंक है। इसका मतलब है कि कॉफी पीने के बाद यह बॉडी से नमक और पानी को बाहर निकाल जाता है और आप अधिक पेशाब करते हैं। इससे आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है।

उपाय : शरीर की रोजाना की जरूरत के मुताबिक पानी जरूर पिएं। हेल्थ एक्सपर्ट आमतौर पर 8 औंस पानी पीने की सलाह देते हैं, जो लगभग 2 लीटर या आधा गैलन के बराबर होता है। पानी, दूध, चाय, कॉफी और जूस सहित दिन में कम से कम 2 से 2.5 लीटर तरल पदार्थ लेने से शरीर में होने वाली विभिन्न समस्याओं को रोका जा सकता है। साथ ही कैफीन का कम से कम सेवन करें।



## घर में कहां मोरपंख रखने से होता है धन लाभ?



मोरपंख घर में रखने से सिर्फ नेगेटिव ऊर्जा दूर नहीं होती बल्कि धन भी आकर्षित होता है और घर की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगती है। हां, मगर धन आकर्षण के लिए मोरपंख की दिशा और उसे रखने का तरीका उचित होना चाहिए।

वास्तु शास्त्र में ऐसा माना गया है कि मोरपंख घर में रखने से घर की नकारात्मकता दूर होती है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि मोरपंख रखने की दिशा सही हो। ठीक ऐसे ही मोरपंख घर में रखने से सिर्फ नेगेटिव ऊर्जा दूर नहीं होती बल्कि धन भी आकर्षित होता है और घर की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगती है। हां, मगर धन आकर्षण के लिए मोरपंख की दिशा और उसे रखने का तरीका उचित होना चाहिए। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि आखिर घर में मोरपंख कहां रखने से धन लाभ के योग बनते हैं और पैसों की बरकत बनी रहती है।

### घर में धन लाभ के लिए कहां रखें मोरपंख?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पश्चिम दिशा को मां लक्ष्मी की दिशा माना जाता है। वहीं, उत्तर दिशा कुबेर देव की कहलाती है। दोनों ही धन के देवी-देवता हैं। ऐसे में घर की उत्तर, पश्चिम या उत्तर-पश्चिम दिशा में मोरपंख रखना शुभ सिद्ध होता है।

घर की इन तीन दिशाओं में मोरपंख रखने से घर की आर्थिक स्थित मजबूत होती है। इसके अलावा, धन में वृद्धि होती है। धन लाभ के प्रबल योग बनने लगते हैं। धन से जुड़ी समस्याएं जैसे कि तंगी, अधिक खर्च, कर्ज, धन हानि आदि दूर होती हैं।

साथ ही, यह भी माना जाता है कि घर में धन बाधित करने वाले दोष नष्ट हो जाते हैं और अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ है तो वह भी लौट आता है। इन दिशाओं में मोरपंख रखने से ग्रहों पर भी गहरा प्रभाव नजर आता है।

पश्चिम दिशा शनिदेव की भी मानी जाती है। शनिदेव कृष्ण भक्त हैं और मोरपंख श्री कृष्ण का का प्रिय है। ऐसे में अगर मोरपंख पश्चिम दिशा में रखा जाए तो इससे न सिर्फ शनि दोष से मुक्ति मिलती है बल्कि शनिदेव प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं।

## गर्मियों में लेने हैं स्वाद के मजे, तो घर पर बनाएं रबड़ी कुल्फी



गर्मियों के मौसम में यदि शाम के वक्त ठंडी-ठंडी कुल्फी या आइसक्रीम मिल जाए तो क्या ही कहने। ऐसे में आज हम आपको कुल्फी की बहुत आसान रेसिपी आपके साथ शेयर करेंगे।

कुल्फी खाना किसे पसंद नहीं होगा। गर्मियों अकसर लोग शाम और दोपहर में कुल्फी और आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं। लेकिन 50 डिग्री तापमान में भला कौन ही बाहर जाकर आइसक्रीम या कुल्फी कौन ही खाए। ऐसे में आज मैं आपके साथ कुल्फी बनाने की एक ऐसी रेसिपी शेयर करूंगी, जो बिल्कुल मार्केट की तरह ही लगेगी। मार्केट में मिलने वाली कुल्फी भला किसे पसंद नहीं होगी। ऐसे में मैं आपके साथ रबड़ी कुल्फी की अपनी रेसिपी शेयर करूंगी, जो मैं खुद आजमाती हूं। हालही में मैंने रबड़ी कुल्फी बनाई थी, जो बिल्कुल बाजार में मिलने वाली कुल्फी की तरह थी। यह रबड़ी कुल्फी खाने में बहुत स्वादिष्ट थी। तो चलिए जान लेते हैं मेरी रसोई की स्वादिष्ट रबड़ी कुल्फी की रेसिपी।

रबड़ी कुल्फी बनाने की विधि

रबड़ी कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले एक या आधा लीटर दूध को मीडियम फ्लेम पर रखकर पकाएं। आधे घंटे में रबड़ी तैयार हो जाएगी, फिर उसे ठंडा करने के लिए छोड़ दें। अब एक मिक्सर जार में काजू और बादाम को डालकर दरदरा पीस लें। काजू और बादाम को रबड़ी में डालें। अब इलायची पाउडर और चीनी को मिक्सी में पीसकर रबड़ी में मिलाएं। एक बार और रबड़ी को मिक्सी में डालकर पीस लें। सभी चीजें अच्छे से मिक्स हो जाए तो उसे चाय-कॉफी वाले कागज की कप में रबड़ी को डालें। सभी के ऊपर एल्युमिनियम फॉयल को लगाकर रबड़ से टाइट कर लें। फ्रीजर में 5-6 घंटे के लिए छोड़ दें, ताकी रबड़ी अच्छे से जम जाए। रबड़ी जम जाए तो ऊपर से आइसक्रीम स्टिक लगाएं और कप से बाहर निकाल लें। ड्राई फ्रूट्स और नारियल पाउडर से गार्निश कर खाने के लिए सर्व करें।

# आपको डेयरी प्रोडक्ट से एलर्जी तो नहीं, इन संकेतों से पहचानिए

यदि आप नहीं जान पा रहे हैं कि क्या आपको डेयरी प्रोडक्ट सूट करते हैं या नहीं, तो इन संकेतों को पढ़कर आप जान सकते हैं। यदि इनमें से कुछ भी संकेत आप फील करें तो जानने के बाद आप किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लें। वह आपको समझने में मदद करेगा कि आपको क्या करना चाहिए।

**गले में सूजन :** जब आपका इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है तो उस समय हिस्टामाइन नामक एक केमिकल का प्रोडक्शन होने लगता है। फिर अन्य रसायन, जैसे कि IgE एंटीबॉडी, भी रिलीज होने लगते हैं और ये आपके पूरे शरीर में सूजन का कारण बनते हैं। अक्सर, आपका गला सबसे पहले इसे महसूस करता है। कई लोगों के लिए, एक गले में सूजन खाने से संबंधित एलर्जी से भी होती है। यदि डेयरी का सेवन करने के बाद ऐसा होता है, तो जितनी जल्दी हो सके एलर्जी की दवा लें।

**खराश और खांसी:** गले में खराश और गला ड्राय होना, जिसके कारण खांसी हो सकती है। हो सकता है इस कारण आपको सांस लेने में भी मुश्किल हो। यदि आप भी ऐसा ही कुछ डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद अक्सर फील करते हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।



**लाल निशान/दाने :** जब एलर्जी की प्रतिक्रिया की बात आती है, तो कुछ लोगों की स्किन में दाने पड़ने लगते हैं। इन गुलाबी निशान या दानों में जलन होती है और शरीर में फेस और गर्दन पर ये होने लगते हैं।

यह एक एलर्जी की प्रतिक्रिया में सूजन पैदा करने वाले इम्युन सिस्टम का एक और रिजल्ट होते हैं। यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद ऐसी शिकायत होती हैं, तो उस जगह को पहले तो साबुन और पानी से साफ करने का प्रयास करें या फिर एलर्जी की दवाई भी ले सकते हैं। यदि फिर भी ठीक नहीं होते तो आप इसके लिए तुरंत किसी डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

**चेहरा लाल होना:** सूजन आने के कारण आपका चेहरा भी लाल हो जाता है। कभी-कभी गर्दन और छाती की स्किन भी लाल हो जाती है। यह आमतौर पर शरीर के टेम्प्रेचर बढ़ने के कारण होती है।यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद आपके चेहरे की स्किन लाल हो जाती है कि तो निश्चित है कि आपको इनसे एलर्जी हो सकती है, क्योंकि सबकी बॉडी अलग-अलग तरीके से रिएक्ट करती है। इसलिए आपको इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 55 की उम्र में 'वूल्वरिन' बनना ह्यू जैकमैन के लिए नहीं था आसान



ह्यू जैकमैन उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्हें दुनिया के हर कोने से बेशुमार प्यार मिलता है। वह जल्द ही डेडपूल और वूल्वरिन नाम की फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगे। वूल्वरिन की भूमिका से पूरे विश्व में प्रसिद्ध जैकमैन ने हाल ही में एक बातचीत में अपने किरदार से जुड़ीं अहम बातें साझा कीं।

उन्होंने कहा, ₹इस किरदार में वापस आना मेरे लिए वास्तव में मजेदार और रोमांच से भरपूर था। मेरा शरीर शुरुआत में थोड़ा दर्द कर रहा था, लेकिन मैं इस बात को लेकर रोमांचित था कि मेरा शरीर अभी भी इस तरह के किरदार के लिए प्रतिक्रिया दे रहा था। मुझे एहसास हुआ कि यह मेरे मस्तिष्क के लिए कितना अच्छा था।₹ अभिनेता ने आगे कहा कि इस किरदार में ढलने के लिए उनके लिए सबसे मुश्किल काम भोजन करना था। जैकमेन ने कहा कि उन्हें वजन बढ़ाने में काफी परेशानी होती है। अभिनेता ने कहा, ₹मुझे बहुत खाना पड़ा। मैं स्वाभाविक रूप से पतला हूं। किरदार के लिए आकार प्राप्त करना मेरे लिए सबसे कठिन रहा। यही वह चीज थी, जिससे मुझे परेशानी हुई। वहीं, फिल्म के सह कलाकार रयान रेनॉल्ड्स ने भी बातचीत के दौरान जैकमैन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें जैकमैन की शारीरिक बनावट देखकर ₹विश्वास नहीं हो रहा था। रयान रेनॉल्ड्स ने जैकमेन की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹ स्टंट के दौरान मुझे आपका अथक परिश्रम देखने को मिला। यह पहली बार था जब मैंने देखा कि जब आप एक्शन मूवी कर रहे होते हैं तो गाने और डांस की पृष्ठभूमि कितना मूल्यवान होती है। आपने उन फाइट सीन को तेजी और आत्मविश्वास के साथ पूरा किया। ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा। मुझे परवाह नहीं है कि आप 25, 35, 45 या 55 साल के थे, लेकिन आपकी रफ्तार बिजली जैसी तेज थी।₹ डेडपूल और वूल्वरिन की बात करें तो यह सिनेमाघरों में 26 जुलाई को दस्तक देने वाली है।

### टॉलीवुड

## निखिल के जन्मदिन पर 'स्वंयभू' के निर्माताओं का खास तोहफा



'कार्तिकेय 2' से देश भर में मशहूर हुए अभिनेता निखिल सिद्धार्थ के जन्मदिन पर उनकी आगामी फिल्म 'स्वंयभू' से निर्माताओं ने एक खास पोस्टर जारी किया। फैंस को यह पोस्टर काफी उत्साहित कर रहा है। निखिल सिद्धार्थ तेलुगु फिल्मों का एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'कार्तिकेय 2' ने उन्हें पैन इंडिया स्टार बना दिया था। यह साल 2014 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'कार्तिकेय' की अगली कड़ी थी। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म 'स्वंयभू' को लेकर चर्चा में हैं, जो एक पैन इंडिया फिल्म होगी। 'स्वयंभू' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें निखिल सिद्धार्थ मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन भरत कृष्णमाचारी कर रहे हैं। यह एक पीरियड एक्शन ड्रामा होगी, जिस पर निर्माताओं ने बड़ा दांव खेला है। फिल्म को बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी हाइप बनी हुई है। निर्माताओं द्वारा जारी किए पोस्टर्स को दर्शकों के तरफ से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। निखिल के जन्मदिन पर निर्माताओं ने एक बार फिर से एक खास पोस्टर जारी किया है।

इस खास पोस्टर में अभिनेता का लुक काफी शानदार नजर आ रहा है। वह एक बहादुर योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। उन्होंने दोनों हाथों में तलवार लिया हुआ है और वह युद्ध के लिए तैयार होते दिख रहे हैं। एक योद्धा के पोशाक में वह काफी आकर्षक लग रहे हैं। अभिनेता के फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आ रहा है। इस पोस्टर पर उनके फैंस काफी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में निखिल के अलावा संयुक्ता मेनन और नाभा नटेश भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं।

### छॉलीवुड

## मोर बाई हाई-फाई का पोस्टर जारी, 26 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म



बहु प्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म मोर बाई हाई फाई के प्रदर्शन की तारीख आ गई है, निर्माता प्रकाश अवस्थी के अनुसार यह फिल्म 26 जुलाई को छत्तीसगढ़ के समस्त सिनेमा घरों में रिलीज कर दी जाएगी। फिल्म की चर्चा काफी दिनों से थी लेकिन प्रदर्शन की तारीख को लेकर सभी में उत्साह था और वह उत्साह आज खत्म हो गया निर्माता प्रकाश अवस्थी ने मोर बाई हाई फाई का पोस्टर लांच करते हुए फिल्म के प्रदर्शन की तिथि भी घोषित कर दी है। बता दें कि फिल्म के निर्देशक नितेश लहरी हैं और फिल्म की सह निर्मात्री मधुलिका मंगरुलकर हैं,फिल्म पारिवारिक हास्य कॉमेडी पर आधारित है और इसमें प्रकाश अवस्थी, सृष्टि देवांगन समेत योगेश अग्रवाल, दीपाली पांडे और नैनी तिवारी ने भी भूमिका है अदा की है। छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर बाई हाई फाई का मुहूर्त बूढ़ा तालाब के पास स्थित गणेश मंदिर में किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के जाने माने निर्माता निर्देशक सतीश जैन और मनोज वर्मा समेत कई दिग्गज शामिल हुए थे।

### चीनी सौंदर्य

### लाइफ स्टाइल



चीन के सीसीटीवी शंघाई और डीएचयू के ₹डोंगहुआ न्यू लुक-क्रिएटिव फैशन शो₹ में यूनिवर्सिटी स्टूडेंट ने अपने जलवे बिखेरे। इंटरनेशनल मीडिया पोर्ट फैशन कार्निवल उपाध्यक्ष चेन जीई ने इसे एक उत्साहजनक पहल करार दिया। इस दौरान नेताओं और मेहमानों में सीसीटीवी शंघाई, यांग्त्ज़ी नदी डेल्टा मुख्यालय और शंघाई परियोजना तैयारी टीम के प्रमुख क्यूई ज़ुक्वान, पार्टी सचिव और ओरिएंट इंटरनेशनल (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष टोंग जिशेंग और बेइवेन एरा (बीजिंग) संस्कृति कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष वान ज़िकियान सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बालों की चमक बढ़ाने के लिए करें खीरे से हेयर स्पा, जानें तरीका

तेज धूप, प्रदूषण और धूल गंदगी की वजह से बाल बहुत ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप बालों की देखभाल सही तरीके से करें। इसके लिए आप घर पर ही खीरे का इस्तेमाल करके हेयर स्पा कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खीरा बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण बालों के रूखेपन की समस्या और झड़ने की समस्या को कम करता है। इसे घर पर आप इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आपको पार्लर जाकर हेयर स्पा के लिए हजार रुपये खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। चलिए आपको बताते हैं, कैसे आप घर पर खीरे से हेयर स्पा कर सकती हैं।

**खीरे के बालों में लगाने के क्या फायदे होते हैं:** खीरे में विटामिन ए, सी और सिलिका भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इससे बाल टूटते कम हैं और अगर वो ड्राई होते हैं, तो मुलायम हो जाते हैं। इसलिए आप खीरे का इस्तेमाल बालों में कर सकती हैं। इससे आपके बालों में



ठंडक बनी रहेगी। साथ ही, आपको गर्मी कम लगेगी। इसके इस्तेमाल से आपको बाहर जाकर पैसे खर्च करने नहीं पड़ेंगे।

**खीरे से हेयर स्पा करने का तरीका क्या है:** इसके लिए आपको पहले हेयर मास्क बनाना होगा। इसके लिए आपको एक खीरा लेना है। इसमें 2 चम्मच शहद और 4 चम्मच गर्म नारियल तेल को लेना है। अब इन सभी चीजों को उबलते पानी में डालना है और इसे 1 घंटे तक पकाना है। फिर इसे छानकर इसे पीसकर हेयर मास्क बनाना है।

**इस तरह करें खीरे से हेयर स्पा:** इसके लिए आपको सबसे पहले नारियल तेल को गर्म करके पूरे सिर में मालिश करनी है। स्कैल्प पर तेल अच्छे से लगाएं और मसाज करें। करीब 30 मिनट बालों में तेल को लगा रहने दें। इसके बाद जिस पानी में खीरे को उबाला था। उसे ठंडा करें और उससे अपने बालों को एक बार शैंपू लगाने के बाद वॉश करें। फिर अपने बालों में खीरे से बना हेयर मास्क लगाएं। इसे करीब 30 मिनट लगा रहने दें। अब अपने बालों को पानी से साफ कर लें। इसके बाद तौलिए से अपने बालों को सुखा लें। इस तरीके से आप खीरे से हेयर स्पा घर पर कर सकती हैं। बालों को हेल्दी रखता है यह हेयर स्पा।

## ये आउटफिट्स आपको देंगे परफेक्ट समर लुक, ट्राई करके जरूर देखें



### फैशन

समर सीजन में अक्सर महिलाएं कहीं न कहीं घूमने का प्लान बना लेती हैं लेकिन आउटिंग के दौरान महिलाएं एक ऐसे आउटफिट चाहती हैं जिसमें वो खूबसूरत नजर आए । वहीं इस आर्टिकल में हम आपको कुछ मैक्सी ड्रेस दिखाने जा रहे हैं जिन्हें आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं । इस तरह के आउटफिट्स में जहां आप खूबसूरत लगेंगी तो वहीं इन ड्रेस को वियर करने के बाद आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



**फ्लोरल मैक्सी ड्रेस:** इन दिनों ये फ्लोरल मैक्सी ड्रेस काफी ट्रेंड में हैं और इस तरह की ड्रेस को आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। ब्लैक कलर की ये मैक्सी ड्रेस पॉलिस्टर में है और इस ड्रेस में आप काफी खूबसूरत भी नजर आएंगी । इस ड्रेस को ऑनलाइन या फिर बाजार से खरीद सकती हैं । वहीं ये ड्रेस आपको आसानी से 500 से 700 के बीच मिल जाएंगी।

**जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस:** इस तरह की जॉर्जेट डिजिटल प्रिंटेड मैक्सी ड्रेस में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। ये मैक्सी ड्रेस जॉर्जेट में है साथ ही इसमें फ्लावर प्रिंट है। वहीं ये ड्रेस इस हाफ स्लीव्स में आती है और इस वजह से ड्रेस समर सीजन में आउटिंग के दौरान वियर करने के लिए बेस्ट हैं । इस तरह की ड्रेस को आप बाजार से ले सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकती है । ये ड्रेस आप 700 तक की कीमत में खरीद सकती हैं ।


**मल्टीकलर मैक्सी ड्रेस:** मल्टीकलर मैक्सी ड्रेस आउटिंग के साथ-साथ किसी पार्टी के दौरान भी वियर कर सकती हैं । यह मल्टीकलर मैक्सी ड्रेस पॉलिस्टर में है और इस तरह की ड्रेस को आप जहां खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आप भीड़ से अलग लगेंगी। इस तरह की ड्रेस को आप बाजार से सस्ते दाम में खरीद सकती है साथ ही ऑनलाइन भी आपको इस तरह की ड्रेस कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन में मिल जाएंगी ।

## नाखूनों पर बहुत खूबसूरत लगेंगे ऑम्ब्रे शेड वाले ये नेल आर्ट डिजाइंस, जानें इन्हें करने का तरीका

आप और हम सभी चाहते हैं कि हमारे नाखून खूबसूरत नजर आए और इसके लिए हम आए दिन अपने नाखूनों पर तरह-तरह के नेल आर्ट भी करवाते हैं। बात अगर ब्राइडल लुक की करें तो आजकल हर दूसरी आप और हम जैसी दुल्हन स्टाइलिश और अप-टू-डेट दिखना चाहती हैं। वहीं आजकल नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए ग्लिटर नेल आर्ट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इसलिए आज ग्लिटर नेल आर्ट के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप अपने शादी के लिए चुन सकती हैं और अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

**ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन:** इस तरह के डबल शेड वाले नेल आर्ट को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि अगर आपकी ऑउटफिट पेस्टल कलर या ऐसे ही डबल कलर की है तो इस तरह का नेल आर्ट आपके लिए परफेक्ट रहेगा। बता दें कि आप चाहे तो एक नेल की जगह 2 से 3 नेल पर अलग-अलग तरह से ग्लिटर लगवा सकती हैं।

**फुल ग्लिटर डिजाइन नेल आर्ट:** अगर आप ग्लिटर नेल आर्ट को पसंद करती हैं और फुल वर्क ग्लिटर लगवाना चाहती हैं तो इस



तरह का डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहेगा। आप इसमें गोल्डन- सिल्वर, लाइट पिंक-मैजेंटा जैसे कलर्स को चुन सकती हैं।

**स्टोन वर्क ग्लिटर नेल आर्ट डिजाइन:** आजकल स्टोन वर्क को काफी पसंद किया जाता है। बता दें कि इस तरह का डिजाइन खासकर ब्राइड के लिए ही खास होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि देखने में ऐसा डिजाइन काफी भारी नजर आता है। आप चाहे तो स्टोन के साथ मोती भी लगवा सकती हैं।

## गर्मी में फ्रिजी हेयर की समस्या को दूर करने के लिए बनाएं ये प्रोडक्ट्स

जब गर्मी का मौसम आता है तो हम सभी को बालों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में बालों में चिपचिपापन, गंदगी व ऑयलीनेस की शिकायत होती है। लेकिन इसके अलावा गर्मियों में बालों में फ्रिजीनेस की शिकायत भी होती है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। मसलन, इस मौसम में सन एक्सपोजर व ह्यूमिडिटी के अधिक होने के कारण बालों में फ्रिजीनेस बढ़ जाते हैं। इसके अलावा, हीट स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जैसे ब्लो ड्रायर, फ्लैट आयरन या कर्लिंग आयरन आदि के कारण भी बालों में फ्रिजीनेस की शिकायत होती है।

चूंकि इस मौसम में स्कैल्प से पसीना अधिक आता है या फिर स्विमिंग करते हुए क्लोरीन का पानी भी बालों को नुकसान पहुंचाता है। इससे बालों का रूखापन बढ़ता है और फ्रिजीनेस की समस्या होती है। अमूमन इस मौसम में बालों को मैनेज करने के लिए हम तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं। जो पॉकेट फ्रेंडली नहीं होते हैं। ऐसे में आप खुद घर पर ही कुछ हेयर प्रोडक्ट्स तैयार कर सकते हैं और फ्रिजी हेयर को अधिक मैनेजबल बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हेयर प्रोडक्ट्स बनाने के बारे में बता रहे हैं-



**एलोवेरा जेल और ऑलिव ऑयल से बनाएं स्प्रे:** फ्रिजी हेयर को मैनेज करने के लिए एलोवेरा जेल और ऑलिव ऑयल की मदद से हेयर स्प्रे बनाया जा सकता है। जहां एलोवेरा जेल स्कैल्प को हाइड्रेट और आराम देता है, जबकि ऑलिव ऑयल डीप कंडीशनिंग और चमक प्रदान करता है।

**हेयर स्प्रे बनाने का तरीका:** एक स्प्रे बोतल में एलोवेरा जेल, जैतून का तेल और पानी डालकर मिक्स करें। अब आप इसे अच्छी तरह हिलाएं, ताकि यह मिक्स हो जाए। अब इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालकर मिक्स करें।

### कार्नर न्यूज

### स्टाइलिश कपड़ों के अलावा भी बहुत कुछ हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरी

## गर्मियों में मेंस फैशन के लिए अहम हैं बहुत कुछ, मिलेगा परफेक्ट और कूल लुक

पुरूषों को स्टाइलिश कपड़ों के अलावा ऐसी कौन सी चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए जिससे वो काफी लकू नजर आएं। इसके लिए उन्हें इन खास चीजों की जरूरत पड़ेगी। आइए जानते हैं वो क्या है। और इसका कैसे इस्तेमाल करना चाहिए।

### धूप के चश्मे

एक अच्छा धूप का चश्मा सिर्फ़ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं है, यह एक ज़रूरत है। अपनी आंखों को तेज़ गर्मी की किरणों से बचाने के लिए 100% अल्ट्रा वायलेट प्रोटेक्शन वाले शेड्स चुनें। फ्रेम स्टाइल चुनते समय अपने चेहरे के आकार पर विचार करें–एविएटर एक क्लासिक विकल्प है, जबकि वेफ़रर्स चौकोर चेहरे के लिए अच्छे रहते हैं। व्यक्तित्व का स्पर्श जोड़ने के लिए रंगीन लेंस या मिरर्ड फ़िनिश के साथ प्रयोग करने से न डरें।



### गर्मियों की खुशबू

गर्मियों की गर्मी अवांछित गंध ला सकती है। एक हल्की और ताज़ा खुशबू आपको पूरे दिन आत्मविश्वास से भरे रहने में मदद कर सकती है। नींबू या अंगूर जैसे खट्टे नोटों वाली खुशबू की तलाश करें, या समुद्री हवा या खीरे के संकेत के साथ कुछ जलीय चुनें। भारी परफ्यूम या कोलोन से बचें जो गर्म मौसम में ज़्यादा तेज़ हो सकते हैं।

**टोपी:** टोपी गर्मियों में फंक्शन और फ़ैशन दोनों के लिए ज़रूरी है। यह आपके सिर को धूप से बचाता है और आपको ठंडा रखता है। स्ट्रॉ फेडोरा और पनामा हैट आरामदायक लुक के लिए हवादार विकल्प हैं। बेसबॉल कैप स्पोर्टी वाइब देते हैं और सक्रिय दिनों के लिए एकदम सही हैं। विंटेज फ्लेयर के टच के लिए, लिनन में ट्रिलबी हैट या न्यूज़बॉय कैप आज़माएं।

**हल्के जूते:** गर्मियों में रोमांच के लिए सही जूते बहुत ज़रूरी हैं। भारी बूट्स को छोड़ दें और हवादार विकल्प चुनें। कैज़ुअल आउटिंग के लिए लोफ़र्स और बोट शूज़ स्टाइलिश विकल्प हैं। बीच या पूल के किनारे सैंडल पहनना ज़रूरी है। एस्पैड्रिल्स फ्लिप-फ्लॉप का एक आरामदायक और स्टाइलिश विकल्प है।

**हल्के बैग:** गर्मियों में हल्के और हवादार कपड़े पहनने का मौसम होता है, और आपका बैग भी ऐसा ही होना चाहिए। भारी बैकपैक को छोड़ दें और कैनवास टोट बैग चुनें।यह आपके बीच की ज़रूरतों, धूप के चश्मे और पानी की बोतल के लिए पर्याप्त जगह देता है, और कैनवास मटीरियल ले जाने में आरामदायक होता है। ज़्यादा पॉलिश लुक के लिए, वीकेंड गेटअवे के लिए लेदर वीकेंडर बैग पर विचार करें।

